हरिभूमि
# रायपुर भूमि

## अमृत मिशन और 15 वार्डों में 24 घंटे पानी पहुंचाने की योजना की उड़ रही धज्जियां




पिछले साल 50 लाख रुपये किराये के टैंकर पर खर्च, इस बार 1 करोड़ का प्रावधान

# अमृत मिशन की धज्जियां, कई इलाकों की प्यास बुझ ही नहीं रही, 60 टैंकर भी नाकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के 10 जोन में से 5 जोन ऐसे हैं, जहां पेयजल संकट दूर करने जल विभाग को किराये के पानी टैंकर भेजने की नौबत आयी है। वर्तमान में शहर के जलसंकट प्रभावित इलाकों में 60 पानी टैंकर भेजकर सुबह से लेकर देर शाम तक पानी की आपूर्ति करायी जा रही है। इनमें किराये के 41 पानी टैंकर और 19 पानी टैंकर विभागीय हैं। ब्राम्हणपारा वार्ड के अवधियापारा, धोबी गली, पंचपथ पारा, सोहागामंदिर के पीछे वाला एरिया, चंगोराभाठा, खम्हारडीह, भनपुरी, लभांडी, फुंडहर, दलदल सिवनी के दयानगर, द्वारिका विहार क्षेत्र ऐसे हैं, जहां किराये के पानी टैंकर भेजकर पानी आपूर्ति ▶▶|शेष पेज 14 पर




### इन इलाकों में पेयजल संकट गहराया

खम्हारडीह, पार्वती नगर, वृंदावन कालोनी, भवानी नगर, बंजरपारा, लभांडी, फुंडहर, ब्रम्हदेवनगर, चंडीनगर, अशोकनगर, ताजनगर, शीतला कालोनी, सतनामी पारा। दलदल सिवनी के बैरागी बीएसयूपी कालोनी, दया नगर, द्वारिका विहार, मोतीलाल नेहरू वार्ड के भवानीनगर और बंजर पारा बस्ती, गुरु गोविंद सिंह वार्ड : शीतला कालोनी, ▶▶|शेष पेज 14 पर

### पूर्व महापौर ढेबर, सभापति सूर्यकांत के वार्ड में जलसंकट

*पूर्व महापौर एजाज ढेबर के मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड के राजीव आवास बांसटाल, विवेकानंदर नगर, छोटापारा इलाके में पानी की भारी किल्लत है। हाल ही में जोन 4 के समाधान शिविर में पार्षद अर्जुमन ढेबर खाली मटका लेकर पानी की समस्या को लेकर रहवासियों के साथ पहुंची थीं। इसी तरह सभापति सूर्यकांत राठौर के रमनमंदिर वार्ड के कुछ इलाकों में पेयजल संकट से लोग जूझ रहे हैं।*

### भनपुरी में 2 पानी टंकी फिर भी जलसंकट

*भनपुरी में 10 लाख लीटर की पुरानी टंकी और 30 लाख लीटर की नई पानी टंकी से जल आपूर्ति होने के कारण पिछले साल पानी टैंकर भेजने की जरूरत नहीं पड़ी। इस बार बंजारी माता वार्ड के रामेश्वर नगर, केबिन पारा के 700 मकानों में किराये के पानी टैंकर भेजने की नौबत आई। जल विभाग के पूर्व अध्यक्ष नागभूषण राव ने कहा निगम अधिकारियों की लापरवाही से नलों में पर्याप्त प्रेशर के साथ पानी नहीं आ रहा है। मार्च माह से यह स्थिति बनी हुई है। इसी तरह यतियतन लाल वार्ड के भनपुरी स्थित विजय नगर, बुनियाद नगर, टिंबर मार्केट एरिया के 1 हजार आवास जो पिछले बार टैंकर मुक्त रहे इस बार पानी टैंकर भरोसे हैं।*

## खबर संक्षेप

### कृषि गोदाम से आठ लाख की दवा चोरी

**रायपुर।** खमतराई थाने में एक कृषि दवा कारोबार करने वाले ने अज्ञात के खिलाफ आठ लाख रुपए की कृषि दवा गोदाम से चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। नुतीस देशमुख ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। नुतीश ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात चोर उसके गोदाम का ताला तोड़ दवा चोरी कर ले गया है। नुतीस के अनुसार चोर बचने के लिए गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरे तथा डीवीआर चोरी कर ले गया है।

### शराब के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर।** मौदहापारा थाने की पुलिस ने एक मकान में छापा मारकर दो युवकों को शराब बेचते रंगे हाथ गिरफ्तार कर उनके कब्जे से शराब बिक्री की रकम 17 हजार रुपए तथा 22 पौवा देशी अंग्रेजी शराब तथा छह बीयर बोतल जब्त की है। पुलिस ने रजबंधा मैदान के पास एक घर में छापा मारकर अल्ताफ तथा आसिफ खान को शराब बेचते गिरफ्तार किया है।

## सभी जिलों की एसटीएफ की पांच जून को होगी पहली बैठक

# बांग्लादेशी घुसपैठियों के मामले में नांदगांव हाई सिंसेटिव, रायपुर में मिले थे थोक में संदिग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

केंद्र के साथ सुप्रीम कोर्ट ने देश की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दूसरे देश से अवैध रूप से आकर यहां बसे लोगों की पहचान कर उन्हें उनके मूल देश वापस भेजने निर्देश जारी किया है। बांग्लादेशी तथा रोहिंग्या की पहचान कर उन्हें उनके मूल देश डिपोर्ट करने राज्य के सभी 33 जिलों में एसटीएफ का गठन किया गया है। एसटीएफ गठित होने के बाद अफसर रोड मैप तैयार कर जल्द ही रोहिंग्या तथा बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान कर उन्हें उनके मूल देश वापस भेजने की तैयारी में जुट गए हैं। ▶▶|शेष पेज 14 पर


संबंधित राज्य के पुलिस से संपर्क कर ऐसे लोगों की तस्दीक की जाएगी
जांच में डेढ़ सौ लोग निकले प.बंगाल, बांग्लादेश बार्डर के, दस्तावेज दुरुस्त नहीं, सिम पर भी संदेह

### जहां ज्यादा शिकायत वहां पहले जांच

रायपुर सहित राज्य के कई जिलों में अवैध बांग्लादेशी तथा रोहिंग्याओं के होने की शिकायत पुलिस के पास है। इसे ध्यान में रखते हुए जिन इलाकों में संदिग्धों की होने की शिकायत है, उन जगहों पर जाकर एसटीएफ की टीम संदिग्धों की पहचान कर उनकी आईडी की जांच करेगी। ▶▶|शेष पेज 14 पर

### एक बार फिर से खुलेंगी पुरानी फाइलें

रायपुर, बिलासपुर, महासमुंद, राजनांदगांव, दुर्ग, धमतरी तथा रायगढ़ में पूर्व में चोरी, डकैती के आरोप में बांग्लादेशी गिरोह से जुड़े बदमाश पकड़े जा चुके हैं। एसटीएफ टीम उन सभी के बारे में पड़ताल करेगी। पूर्व में जो बांग्लादेशी गिरोह के लोग पकड़े गए हैं, उनकी स्थानीय स्तर पर किन लोगों ने मदद की थी, उनके परिवार से जुड़े लोग वर्तमान में कहां हैं, इस बात की एसटीएफ जानकारी जुटाकर आगे की कार्रवाई तय करेगी।


### राजनांदगांव हाई सिंसेटिव जोन

अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को लेकर राजनांदगांव को हाई सिंसेटिव जोन में शामिल किया गया है। राजनांदगांव में एएसपी राहुल देव शर्मा के नेतृत्व में सबसे बड़ी एसटीएफ टीम का गठन हुआ है, जिसमें चार डीएसपी और 16 निरीक्षक स्तर के अधिकारी शामिल हैं। राजनांदगांव में बांग्लादेशी घुसपैठ के कई मामले पूर्व में सामने आ चुके हैं, इस वजह से इस जिले को हाई सेंसिटिव जोन में शामिल किया गया है।

### जांच में दो सौ के करीब संदिग्ध मिले थे

*चार माह पूर्व पुलिस ने जनवरी में अवैध घुसपैठियों की पहचान करने बड़ा अभियान चलाकर शहर की अलग-अलग बीएसयूपी कालोनी में रहने वाले दो हजार के करीब लोगों को पुलिस लाइन में एकत्र किया था। एकत्र लोगों की दस्तावेजों की पड़ताल करने पर दो सौ से ज्यादा संदिग्ध मिले थे। उनके आधार कार्ड से लेकर अन्य दस्तावेजों में गड़बड़ी पाई गई थी। उनमें से ज्यादातर भारत-बांग्लादेश से सटे बार्डर पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद के रहने वाले लोग थे। तब पुलिस ने उन सभी का संबंधित थानों की पुलिस से वेरिफिरकेशन कर आगे की कार्रवाई करने का दावा किया था। उसके बाद से मामला ठंडे बस्ते में चला गया।*

## अरब सागर की हलचल ने बढ़ाई मानसून की रफ्तार राजधानी में देर रात बारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**केरल में 27 के पहले, प्रदेश में जून के दूसरे सप्ताह में आने के आसार**

अरब सागर में बनने वाले सिस्टम ने दक्षिण-पश्चिम मानसून की सक्रियता को और बढ़ा दिया है। सक्रियता बढ़ने से इसके केरल के बाद छत्तीसगढ़ में जून के दूसरे सप्ताह में पहुंचने की संभावना है। आने वाले दिनों में नमी के प्रभाव से बारिश की गतिविधि और बढ़ेगी। अभी दिन में तेज धूप के साथ उमस भरी गर्मी के बाद शहर में देर रात बारिश भी हुई। दोपहर बाद प्रदेश के मौसम में बदलाव हो रहा है और अंधड़ बारिश के साथ ओलावृष्टि जैसी घटनाएं भी हो रही हैं। राजनांदगांव के अंबागढ़ चौकी में बुधवार की शाम वज्रपात होने के कुछ लोगों के घायल होने की खबर है। इसके अलावा कुछ अन्य हिस्से में हल्की बारिश भी हुई है। राजधानी में दिन में तेज धूप ने लोगों को खासा परेशान किया। ▶▶|शेष पेज 14 पर

## रविवि का कारनामा, 70 अंकों की परीक्षा में छात्र को दे दिए 74 नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा एक बड़ी लापरवाही परीक्षा कार्य में सामने आई है। इस बार विश्वविद्यालय ने किसी छात्र को परीक्षा में त्रुटिवश फेल नहीं किया है बल्कि उसे कुल अंकों से भी अधिक अंक प्रदान कर दिए हैं। मामला विश्वविद्यालय अध्ययनशाला के अंतर्गत लॉ डिपार्टमेंट का है। यहां बीएएलएलबी में अध्ययनरत छात्र को 70 अंकों की परीक्षा में 74 अंक प्रदान कर दिए गए हैं। छात्र ने जब अपने परिणाम देखे तो वह स्वयं भी असमंजस में आ गया। ▶▶|शेष पेज 14 पर



### तकनीकी त्रुटि

पूरे मामले पर विश्वविद्यालय प्रबंधन का कहना है कि तकनीकी त्रुटि के कारण ऐसा हुआ है, जिसे अब सुधार लिया गया है। परिणाम जारी किए जाने के बाद विवि द्वारा इसे अपनी वेबसाइट पर अपलोड किया गया था। छात्रों की अंकसूची प्रिंट नहीं हुई है। ऑनलाइन जो परिणाम अपलोड किए गए हैं, उसमें ही तकनीकी त्रुटि के कारण कुल अंक से प्राप्त अंक अधिक प्रदर्शित हो गया। छात्र की शिकायत के बाद इसकी जांच कराई गई है। उत्तरपुस्तिका के मूल्यांकन में जो अंक मिले हैं, उस वास्तविक अंक के आधार पर छात्र के परिणाम तैयार किए गए हैं।

## कांग्रेस के मोहम्मद इमरान बने अध्यक्ष, भाजपा के सैयद को मिला एक वोट

सलीम राज ने मंत्रालय में शिकायत कर कहा- पीठासीन अधिकारी पर दबाव डालकर लिया प्रमाणपत्र

# हज कमेटी चुनाव विवाद गहराया सलीम बोले- धांधली, जाएंगे कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी अध्यक्ष पद के लिए हाल ही में हुए चुनाव से न केवल राज्य की राजनीति में हलचल मच गई है, बल्कि यह एक विवादास्पद मुद्दा भी बन गया है। चुनाव में कांग्रेस नेता और अकलतरा के पूर्व पार्षद इमरान खान को अध्यक्ष चुना गया है। कुल 11 सदस्यों वाली इस कमेटी में केवल 6 सदस्यों ने मतदान में हिस्सा लिया, जबकि 5 भारतीय जनता पार्टी समर्थित सदस्यों ने इस प्रक्रिया का बहिष्कार किया। मतदान में कांग्रेस को 3 वोट प्राप्त हुए, भाजपा को 1 वोट मिला, और 2 वोट रिजेक्ट हुआ। बहुमत के आधार पर इमरान खान को विजेता घोषित किया गया।

विवाद के बीच हज कमेटी के पदेन सदस्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने कहा, कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार और उनके गुंडों ने पीठासीन अधिकारी दशरथ साहू पर दबाव ▶▶|शेष पेज 14 पर




### चुनाव में पारदर्शिता- इमरान

नवनिर्वाचित अध्यक्ष इमरान खान ने कहा, चुनाव पूरी पारदर्शिता से हुआ है, जिसकी वीडियोग्राफी भी हुई है। चुनाव के दौरान वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज भी मौजूद रहे। जो भी आरोप लगाए गए हैं, उनको हम खारिज करते हैं।

### दोबारा चुनाव कराने की मांग- सैयद

*इस बीच बीजेपी से प्रत्याशी सैयद मकबूल अली ने आरोप लगाया है कि चुनाव अवैध रूप से पूरा किया गया है। कांग्रेस सदस्यों पर उन्होंने चुनाव अधिकारी को कमरे में बंद कर उन पर दबाव डालने का आरोप लगाते हुए शासन से दोबारा चुनाव कराने की मांग की है।*

### कांग्रेस के इमरान जीते

छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष पद के चुनाव में कांग्रेस के मोहम्मद इमरान ने भाजपा के सैयद मकबूल अली को हराया। हज कमेटी के गठन के बाद समिति के नामांकित सदस्यों की पहली बैठक में पीठासीन अधिकारी दशरथ लाल साहू की मौजूदगी में कराया गया। समिति के 11 सदस्यों में से 5 सदस्यों ने चुनाव का बहिष्कार किया। 6 सदस्यों ने चुनाव की प्रक्रिया में भाग लिया। मो. इमरान को 3 और सैयद मकबूल को 1 मत मिला। दो मत अवैध पाए गए। इस प्रकार मो. इमरान दो मतों के अंतर से अध्यक्ष निर्वाचित हुए। निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मो. इमरान ने राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह जून 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 जून से 30 जून तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 मई 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार: 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार: 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार: 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार: 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार: 1100
नियम व शर्तें लागू
कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________
नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।
हरिभूमि ग्राहक प्रति जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________

## सात घंटे की मशक्कत के बाद पटरी पर लौटी गाड़ी

# पटरी से उतरे आयरन ओर से भरी मालगाड़ी के दो डिब्बे उरकुरा और भाठापारा स्टेशन पर अटकी रही यात्री गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आयरन ओर लेकर विशाखापट्नम जा रही मालगाड़ी के दो डिब्बे चूनाभट्ठी के पास पटरी से उतर गए। सुबह-सुबह हुई इस घटना के बाद बिलासपुर की तरफ से आने वाली ट्रेनों को उरकुरा और भाठापारा में रोका गया। राहत अमला सात घंटे की कोशिशों के बाद उसे पटरी पर लेकर आया, तब तक ट्रेनों की आवाजाही धीमी गति से 5 और 6 प्लेटफार्म से रायपुर रेलवे स्टेशन पर होती रही।

जानकारी के अनुसार दुर्ग की ओर से आ रही मालगाड़ी सुबह 7.30 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंची और यहां से आगे बढ़ते ही चूनाभट्ठी के निकट उसके दो डिब्बे पटरी से उतर गए। बताया जाता है घटना के बाद आरपीएफ ▶▶|शेष पेज 14 पर





### चर्चा तीन घटना की

सूत्रों के अनुसार मालगाड़ी रवाना होने के दौरान तीन बार पटरी से उतरी। अधिकारिक स्तर पर इसकी पुष्टि नहीं की गई है, मगर सूत्रों का कहना है कि कल रात दुर्ग से समीप इसी मालगाड़ी के डिब्बे बेपटरी हो गए थे। इसके बाद बुधवार की सुबह रेलवे स्टेशन के समीप पुनः इसी गाड़ी के ▶▶|शेष पेज 14 पर

### लोकार्पण के एक दिन पहले घटना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को आधुनिकीकरण के बाद उरकुरा सहित पांच स्टेशनों का लोकार्पण करेंगे। रेलवे प्रशासन कल होने वाले इस कार्यक्रम की तैयारी में जुटा हुआ है। इस बीच मालगाड़ी के डिब्बे के डिरेल होने की खबर से हड़कंप मच गया। आनन-फानन में राहत अमला ससक्रिय हुआ और दोगुनी रफ्तार से डिब्बे को पटरी पर लाने का काम शुरू किया। सूत्रों का कहना है कि डिब्बों को पटरी पर लाने के लिए इसलिये भी ज्यादा वक्त लगा, क्योंकि उसमें भरे आयरन ओर को खाली करना पड़ा था।

## खबर संक्षेप



### मार्शल आर्ट टूर्नामेंट में सत्रह पदक जीते

**अभनपुर।** अभनपुर स्थित एन एस मार्शल आर्ट एकेडमी के खिलाड़ियों ने हाल ही में आयोजित 12वीं राज्य स्तरीय जूनियर कैडेट किकबॉक्सिंग टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 17 पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 12 सदस्यीय टीम कोच सागर सोनवानी एवं कोच नेमधारी सोनवानी के नेतृत्व में कोरबा रवाना हुई थी। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर 3स्वर्ण, 4रजत और 10कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। पदक विजेताओं में गुरुशरण साहू 2 स्वर्ण पदक, सुमी मजूमदार 1रजत 1कांस्य, हिमांशु साहू 1स्वर्ण 1कांस्य, हर्ष सोनवानी 1रजत, 1कांस्य, आकांक्षा सान्वी गड़गे 1कांस्य, मानवी गुप्ता 1रजत, शारदा सिन्हा 1रजत 1कांस्य, आंचल राठी 1कांस्य, सलेन्द्री तारक 2कांस्य, उदिता वर्मा 1कांस्य, प्रियांका सिन्हा 1कांस्य पदक शामिल है। इस शानदार प्रदर्शन पर कोच सागर सोनवानी और नेमधारी सोनवानी ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### तिल्दा नेवरा क्षेत्र में लूटपाट की घटनाएं चरम पर

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा शहर व क्षेत्र में इन दोनों लूटपाट की घटना चरम पर है दो लूट के बाद फिर से एक लूट की घटना हो गई जिसमें ग्राम बिलाडी के आगे सीजी लाइन ढाबा के पास एक शिक्षक लूट का शिकार हुआ है, ग्राम तुलसी निवासी प्रवीण कुमार पांडे अपने दोपहिया वाहन से समन्वयक के काम से ग्राम अमेठी जा रहे थे, देर शाम बिलाडी के आगे सीजी ढाबा के पास रोड किनारे पेशाब करने अपनी दो पहिया वाहन को सड़क किनारे खड़ी किए। उसी समय दो दोपहिया वाहन में 5, 6 युवक आए और चाकू टीकाकार जान से मारने की धमकी देकर उससे नगदी रकम और मोबाइल लूटकर भाग गए। इसके साथ ही यूपीआई के माध्यम से 13 हजार रुपए भी ट्रांसफर करा लिए। घटना की नेवरा पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इसके बाद नेवरा थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम देर शाम खुद ही गश्ती पर निकले और कई अड्डों पर छापेमारी भी उनके द्वारा की गई। मैदान, सार्वजनिक जगहों, आउटर आदि स्थानों में बैठकर शराब पी रहे कई लोगों को उनके द्वारा समझाइए दी गई और इस तरह की वारदातें होने की लोगों को जानकारी दी, उन्हें आगाह भी किया। वहीं इधर लूटपाट की घटना से शहर व क्षेत्र में दशरथ का माहौल है।

### सात छात्रों का राष्ट्रीय छात्रावृति के लिए चयन

**अभनपुर।** ग्राम खंडवा नवारायपुर के शासकीय स्कूल के 7 विद्यार्थियों का राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण छात्रवृत्ति परीक्षा के तहत चयन हुआ है, इन विद्यार्थियों को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा आगामी 4वर्षों अर्थात कक्षा नवमी से 12वीं तक प्रतिवर्ष 12 हजार की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। अभनपुर ब्लॉक से 67 विद्यार्थी का चयन इस छात्रवृति के लिए हुआ है। चयनित विद्यार्थियो मे एंजेल आडिल, गीतांजलि भारती, सुनील भारती, दीपांशी जोशी ,लिलेश्वरी ध्रुव , सत्यम साहू एवं परविंद चेलक का नाम शामिल है।

---

पोल्ट्री फार्म के कुत्तों और मालकिन के आतंक से मां-बेटा लहूलुहान

# राहगीरों पर कुत्तों का हमला, मालकिन ने भी पीड़ित मां-बेटे पर बरसाए चप्पल


हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा













धरसींवा ब्लाक के कुरूद- सिलयारी गांव में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। ये कुत्ते आम राहगीरों के लिए खतरे का सबब बन गए हैं। यहां स्थित एक पोल्ट्री फार्म के मालिक द्वारा पाले गए सैकड़ों आवारा कुत्तों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि ग्रामीण खौफ में जीने को मजबूर हैं। बीते मंगलवार को इसी आतंक का भयावह रूप तब सामने आया, जब काम पर जा रहे एक मां और बेटे को पहले इन खूंखार कुत्तों ने नोच डाला और फिर जब वे शिकायत करने पहुंचे, तो फार्म की मालकिन ने न केवल उन पर हाथ उठाया, बल्कि पीड़ति महिला की चप्पल से पिटाई करदी व उन्हीं कुत्तों को दोबारा उन पर छोड़कर उन्हें बुरी तरह जख्मी कर दिया। यह घटना कानून व्यवस्था और प्रशासन की निष्क्रियता पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। यह घटना मंगलवार, 20 मई 2025 की सुबह करीब 6 बजे, ग्राम सिलयारी की सरस्वती बाई चक्रधारी (45) अपने बेटे पुष्पेंद्र चक्रधारी के साथ अपने पैतृक ईंट भट्टे पर जाने के लिए घर से निकली थीं। उनका रास्ता सिलयारी स्थित एक पोल्ट्री फार्म से होकर गुजरता है, जिसके मालिक जॉन फ्रांसीस मसीह (जिन्हें ज्योति मसीह के नाम से भी जाना जाता है) ने कथित तौर पर 20-25 से भी अधिक पालतू और आवारा कुत्तों का एक बड़ा झुंड पाल रखा है। ग्रामीणों के अनुसार, ये कुत्ते आए दिन राहगीरों को दौड़ाकर काटते हैं। सरस्वती बाई ने पुलिस को लिखित आवेदन में बताया है कि जैसे ही वे फार्म के पास से गुजर रहे थे, कुत्तों के इस झुंड ने अचानक उन पर हमला कर दिया। किसी तरह जान बचाने के बाद, मां-बेटे ने हिम्मत कर इस आतंक की शिकायत करने के लिए सीधे फार्म के मालिक से संपर्क किया, लेकिन वहां उन्हें जिस क्रूरता का सामना करना पड़ा, वह कल्पना से परे था। शिकायत सुनने के बजाय, फार्म मालिक की बेटी विन्नी मसीह ने कथित तौर पर मां-बेटे को भद्दी गालियां देना शुरू कर दिया। बात सिर्फ गाली-गलौज तक ही नहीं रुकी, विन्नी मसीह ने सरेराह सरस्वती बाई और उनके बेटे के साथ मारपीट भी की।

#### पुलिस ने किया मामला दर्ज

इस घटना की शिकायत आई है और अपराध दर्ज भी कर लिया गया है जिसमे आरोपी महिला के खिलाफ धारा 291, 296,, और 115 (2) के तहत मामला दर्ज किया गया है जांच कर रहे है।

**जितेंद्र डहरिया**
चौकी प्रभारी सिलयारी

---

# युवा कांग्रेस ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



बीते माह पहलगाम में हुए भयावह आतंकी हमले में मारे गए 26 निर्दोष नागरिकों के स्मृति और भारत में कंप्यूटर क्रांति का जनक, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर युवा कांग्रेस द्वारा जिलाध्यक्ष सजल चंद्राकर के नेतृत्व में सार्थक ब्लड बैंक आरंग के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 62 लोगों ने शहीदों के नाम पर अपना रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया पहुंचे और सभी को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पहलगाम हमले में मारे गए शहीदों को नमन किया। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जितनी भी निंदा की जाए वो कम है। परिवार के सामने 26 निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या आतंकवादियों की नपुंसकता को दर्शाता है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की देश उनके योगदान को हमेशा याद करेगा। युवा कांग्रेस द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन करना पहलगाम हमले के निर्दोष शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि देना है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष उधोराम वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रशेखर चंद्राकर, मंगलमूर्ति अग्रवाल, गोपाल चतुर्वेदी, रेखराम पात्रे, खिलेश देवांगन, शुभांशु साहू, अंकित वर्मा, अनिरुद्ध वर्मा, अजित कोशले, शरद गुप्ता, खिलावन निषाद, सूरज सोनकर, समीर गोरी, ईश्वर पटेल, ओमप्रकाश यादव, प्रवीण सिंह, दीपक चंद्राकर, राजेश्वरी साहू, मंजू चंद्राकर, बीके भारद्वाज, रहमत उल्ला खान, गोपाल चंद्राकर, सागर जोशी, रितेश कश्यप, विनीत पाण्डेय, भरत लोधी, कुलदीप लोधी, सूरज शर्मा, शेखर साहू, शुभम चंद्राकर, लोमस साहू, अमन रजा, सलमान, बबलू साहू, आर्यन जोशी, प्रणय बंसोर, तरुण मिश्रा, विवेक जलक्षत्री, गुरुचरण मिरी उपस्थित रहे।

---

# समाधान शिविर में 13 ग्राम पंचायतों की समस्याओं का किया गया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



बुधवार को आदर्श ग्राम पंचायत बहनाकाडी शासकीय नवीन प्राथमिक शाला खदान पारा स्कूल परिसर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 13ग्राम पंचायत शामिल हुए। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक एवं उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास विभाग प्राधिकरण गुरु खुशवंत साहेब ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन के संकल्प को दोहराते हुए सीधे जनता से संवाद किया एवं उनकी समस्याओं तथा निराकरण की जानकारी ली। वही कुछ आवेदनों पर आबकारी, विद्युत, जल संसाधन जैसे विभागों को त्वरित निराकरण की कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आम जनता की छोटी-बड़ी सभी समस्याओं के लिए संवेदनशील है और इसके सकारात्मक परिणाम दिख रहे हैं। उन्होंने अधिकारी, कर्मचारीगण की कार्यशैली की प्रशंसा भी की। वही जिला कलेक्टर रायपुर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप सुशासन तिहर 2025 के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर तीसरे चरण में निराकरण की कार्यवाही समाधान शिविर के माध्यम से जारी है एवं प्रशासन गुड गवर्नेंस की ओर आगे बढ़ रहा है। इस दौरान जनपद अध्यक्ष टाकेश्वरी मुरली साहू, जनपद सदस्यगण चित्ररेखा नरेंद्र कुर्रे, लक्ष्मी टंडन, रेखा कृपाल यादव, मंडल अध्यक्ष गोपाल वर्मा, चंदूलाल वर्मा, शोभाराम यादव, सरोजनी दिवाकर जांगड़े आदि की भी उपस्थित रही। एसडीएम आरंग पुष्पेंद्र शर्मा एवं जनपद पंचायत

---

# प्रशासन की दबिश से हड़कंप, फैक्ट्री में मिले बाल श्रमिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

ग्राम कुथरेल स्थित संभव स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड में बाल श्रमिकों से जोखिम भरे कार्य कराए जाने की सूचना मिलने पर जिला प्रशासन, रायपुर ने तात्कालिक कार्रवाई की। जिला बाल संरक्षण इकाई, पुलिस और एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन, छत्तीसगढ़ की एक संयुक्त टीम ने नंदिनी ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक, रायपुर के नेतृत्व में निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में कुल 12बालकों को नाबालिग मानकर रेस्क्यू किया गया। 6मई 2025 को इन बालकों को बाल कल्याण समिति, रायपुर के समक्ष उम्र सत्यापन हेतु प्रस्तुत किया गया, जहां चार बालक नाबालिग पाए गए। शेष बालकों को उनके माता-पिता को सौंप दिया गया। रेस्क्यू किए गए बाल श्रमिकों ने बताया कि वे सुबह 8:00 बजे से रात 8:00 बजे तक काम करते हैं और उन्हें बहुत कम वेतन मिलता है। तीन बालकों ने बताया कि उन्हें किसी रविंद्र नामक व्यक्ति द्वारा काम का लालच देकर झारखंड से रायपुर लाया गया था। ठेकेदार कुलेश्वर राम के माध्यम से इनसे काम कराया जा रहा था। यह कृत्य भारतीय न्याय संहिता 2023, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015, बाल एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम 1986 और बंधुआ मजदूर प्रणाली (उन्मूलन) अधिनियम के तहत गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। संभव स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड के संचालक, काम का लालच देकर बच्चों को लाने वाले रविंद्र और ठेकेदार कुलेश्वर राम के खिलाफ तत्काल अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इसके साथ ही, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत भी मामला दर्ज किया गया है। जिला प्रशासन ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया है ताकि भविष्य में ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति न हो सके।

#### प्रबंधक पर मनमानी करने का आरोप, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल




प्रबंधक के खिलाफ मनमानी करने का आरोप लगाते हुए कर्मचारियों का कहना है कि प्रबंधक समय से अधिक काम लेने के लिए दबाव डाल रहे हैं, जिससे उनकी कार्यक्षमता और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। मजदूरों ने आरोप लगाया कि प्रबंधक द्वारा निर्धारित कार्य समय की सीमाएं लगातार उल्लंघित की जा रही हैं। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें नियमित रूप से अतिरिक्त घंटे काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जिसके कारण वे थकान और तनाव का सामना कर रहे हैं। इसके अलावा, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए गए हैं। कर्मचारियों ने कहा कि कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। कई कर्मचारियों ने सुरक्षा उपकरणों की कमी और आपातकालीन स्थिति में उचित प्रतिक्रिया न होने की शिकायत की है। प्रबंधन ने इस मुद्दे पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन सूत्रों के अनुसार, वे कर्मचारियों की चिंताओं को सुनने और समस्या के समाधान के लिए बैठक आयोजित करने की योजना बना रहे हैं। कर्मचारियों ने मांग की है कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए और उचित कार्य समय तथा सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, तो वे आगे भी विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे।

---

# समाधान शिविर में जनता की समस्याओं के तुरंत निराकरण के निर्देश

**मंदिर हसौद।** राजधानी रायपुर के पास स्थित आदर्श ग्राम पंचायत बहनाकाडी शासकीय नवीन प्राथमिक शाला खदान पारा स्कूल परिसर में सुशासन समाधान शिविर का आयोजन रखा गया था। जिसमें 13ग्राम पंचायत शामिल हुए। जिसमें ग्राम पंचायत धनसुली बहना काड़ी में स्थित चूना पत्थर की खदानों में किए जाने वाले बोर ब्लास्टिंग की शिकायत जनपद सदस्य चितरेखा नरेंद्र कुर्रे प्रगतिशील आरंग ब्लॉक अध्यक्ष संतोष कोसरिया अन्य ग्रामीणों द्वारा भी हेवी ब्लास्टिंग बंद करने की मांग किया गया। साथ ही क्षेत्र में किए जा रहे मुरूम की अवैध खनन और परिवहन पर भी कार्यवाही की मांग किया गया। साथ ही विभिन्न गांवो से गाजा अवैध शराब बिक्री की मुद्दा भी जोड़ों पर रहा। जिस पर क्षेत्रीय विधायक एवं उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास विभाग प्राधिकरण गुरु खुशवंत साहेब ने आबकारी विभाग को शक्ति से अवैध गाजा शराब की बिक्री पर कार्यवाही करने के लिए मांग किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन के संकल्प को दोहराते हुए सीधे जनता से संवाद किया एवं उनकी समस्याओं तथा निराकरण की जानकारी ली एवं कुछ विद्युत विभाग , जल संसाधन जैसे विभागों को त्वरित निराकरण की कार्यवाही के निर्देश दिए उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश सरकार आम जनता की छोटी बड़ी सभी समस्याओं के लिए संवेदनशील है और इसके सकारात्मक परिणाम दिख रहे हैं उन्होंने अधिकारी, कर्मचारीगण की कार्यशैली की प्रशंसा भी की।

#### शिविर में हितग्राहियों को वितरित किए गए विभिन्न प्रमाण पत्र व सामग्री

वही जिला कलेक्टर रायपुर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप सुशासन तिहर के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर तीसरे चरण में निराकरण की कार्यवाही समाधान शिविर के माध्यम से जारी है एवं प्रशासन गुड गवर्नेंस की ओर आगे बढ़ रहा है। जनपद अध्यक्ष टाकेश्वरी मुरली साहू, जनपद सदस्य गण चित्ररेखा नरेंद्र कुर्रे, लक्ष्मी टंडन, रेखा कृपाल यादव, मंडल अध्यक्ष गोपाल वर्मा, चंदूलाल वर्मा,शोभाराम यादव, सरोजनी दिवाकर जांगड़े आदि की भी उपस्थित रही एवं एसडीएम पुष्पेंद्र शर्मा एवं जनपद पंचायत सीईओ कुमार सिंह लहरे ने जानकारी दी कि मांग के 6107 और शिकायत के 149 आवेदनों पर निराकरण किया गया है तथा आंशिक शेष प्रकरणों का जल्दी ही समाधान होगा। इस मौके पर हितग्राहियों को ड्राइविंग लाइसेंस, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, जाति प्रमाण पत्र, जन्म मृत्यु प्रमाण, पत्र, आयुष्मान कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, चेक, ऋण पुस्तिका, स्प्रेयर किट आदि वितरित किए गए । एसएसपी लाल उमेद सिंह, तहसीलदार विनोद साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा, रोजगार विभाग उपसंचालक लारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मातली नंदन वर्मा, एडिशनल सीईओ मारुति राव, शिविर नोडल एसडीओ सत्येंद्र साहू आदि संचालन टीम अरविंद वैष्णव व महेंद्र पटेल, संकुल समन्वयक प्रहलाद शर्मा, सुरेंद्र चंद्रसेन, मनोज मुछावर, कुसुम लता कुर्रे, किशोर शर्मा, शेख मोहम्मद, राजेंद्र देवांगन आदि एवं सर्व विभाग प्रमुख तथा सरपंच गण क्रमशः अशोक बंजारे, नीलिमा वर्मा, ओमवती साहू ,फातिमा कुरेशी, क्रांति चंद्राकर, गजेंद्र यादव, शशांक वर्मा, पप्पू चेलक, सरोज यादव, संजय टंडन, संतोषी साहू, अनीता जांगड़े, भोजराज यदु , एवं उपसरपंच, पंच, रोजगार सहायक, ग्राम सचिव गण, राजस्व स्वास्थ्य, पंचायत, उद्योग, पशु धन,बिहान,आयुष, पशुधन, श्रम, आबकारी, लोक निर्माण यांत्रिकी, जैसे चालीस से भी अधिक शासकीय विभागों की सहभागिता के साथ बहनाकाडी, सोनपैरी, मुनरेठी, मुनगी, धनसूली, सेमरिया, नरदहा, नगपुरा, चटोद, पचेड़ा, जुगेशर दरबा,छतोंना आदि ग्राम पंचायत के ग्राम वासियों की अच्छी खासी उपस्थिति रही।

---

# भानसोज शराब भट्ठी के विरुद्ध एकजुट हुए ग्रामीण, समाधान शिविर में सौंपा ज्ञापन

**आरंग।** लगभग 30 वर्षों पूर्व हुये भानसोज के ख्यातिनाम सफल शराबभट्ठी विरोधी आंदोलन में सहभागी रहे ग्रामों के ग्रामीणों ने असामाजिक गतिविधियों से त्रस्त हो 19मई को ग्राम टेकारी (कुंडा) में आयोजित समाधान शिविर में ज्ञापन सौंप असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। गांव-गांव में बिक रहे अवैध शराब, गांजा व नशीली गोलियों सहित हो रहे जुआ पर स्थायी रोक व लिप्त तत्वों के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुये भट्ठी पहुंचने वाले हर व्यक्ति को 24 पौव्वा शराब लेने की शासकीय छूट से गांव-गांव में अघोषित भट्ठी चलने व लिप्त तत्वों की जानकारी मैदानी आबकारी व पुलिस अमला को होने के बाद भी कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति किये जाने का आरोप लगाया है। ज्ञात हो कि आरंग थाना क्षेत्र के ग्राम भानसोज में खोले गये शासकीय ठेका प्राप्त भट्ठी के दुष्परिणामों को प्रत्यक्ष देख व भोग सन 93-94 के आबकारी सत्र में पूरे साल भर तक किसान संघर्ष समिति के अगुवाई में गांधीवादी तरीके से आसपास के ग्रामों के ग्रामीणों के सहयोग से आंदोलन कर भानसोज वासियों ने शराबभट्ठी बंद कराने में सफलता हासिल की थी। इस आंदोलन में मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम नारा, डिघारी, खम्हरिया, टेकारी, कुंडा, कठिया, अमेरी, संकरी, जावा, नगपुरा, बड़गांव, तोड़गांव, कुटेसर, गोढ़ी, सिवनी, पिपरहट्ठा, संडी, कुकरा, गठित नगर पंचायत चंदखुरी में शामिल ग्राम (चंदखुरी, मुनगेसर, मुनगी), जुगेसर, बकतरा, करही, सोनपैरी, जरौद, उमरिया सहित आरंग थाना क्षेत्र के ग्राम मालीडीह, बरछा, छाटापार, फरफौद, जरौद, कलई व खरोरा थाना क्षेत्र के ग्राम खौली, बुड़ेनी आदि शामिल थे।

#### प्रशासनिक उदासीनता पर ग्रामीणों का फूटा आक्रोश

जिलाधीश व पुलिस अधीक्षक के नाम आयोजित इस शिविर में सौंपे गये ज्ञापन में इन असामाजिक गतिविधियों के कमोबेश हर गांव में संचालित होने की जानकारी देते हुये बतलाया गया है कि शासन द्वारा प्रत्येक को 24 पौव्वा शराब लेने की छूट के चलते मोटरसाइकिल में दो-तीन सवार हो हर कोई 24 पौव्वा शराब ला गांवों में बेच रहे हैं और स्टाक खत्म होने पर फिर जा ला रहे हैं जिसके चलते ग्रामों में अघोषित भट्ठी का माहौल है व ग्रामों के सार्वजनिक स्थलों पर जाम छलकाते पियक्कड़ आसानी से नजर आते हैं। लिप्त तत्वों के खिलाफ ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही न होने से लिप्त तत्वों के हौसले बुलंद होने व ग्रामीण व्यवस्था को भी चुनौती देने की जानकारी देते हुये इन असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने ठोस कार्यवाही का आग्रह किया गया है।

---

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग




पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि के अवसर पर बुधवार को आरंग के राजीव भवन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा और सम्मान के साथ राजीव गांधी को याद किया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने राजीव भवन में स्थित स्व.राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और देश के नवनिर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान को याद किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि राजीव गांधी ने दूरदर्शी सोच और मजबूत नेतृत्व के साथ आधुनिक भारत की नींव रखी।उन्होंने देश में कंप्यूटर और दूरसंचार क्रांति की शुरुआत कर भविष्य की दिशा तय की। भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी ने पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाया, जिससे लोकतंत्र की जड़े गांव-गांव तक मजबूत हुई। इसके अलावा उन्होंने नवोदय विद्यालयों की स्थापना, मतदाता आयु सीमा को 21 से घटाकर 18 वर्ष करने जैसे कई ऐतिहासिक फैसलों से युवाओं और शिक्षा को नई दिशा दी। पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया श्रद्धांजलि सभा में शामिल सभी कार्यकर्ताओं को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के लिए संकल्पित रहने की शपथ दिलाई। श्रद्धांजलि सभा में जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के जिलाध्यक्ष उधोराम वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग के अध्यक्ष कोमल साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रशेखर चंद्राकर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मंगलमूर्ति अग्रवाल, कृष्णकुमार चंद्राकर, नगर पालिका मंदिरहसौद के अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी, युवा कांग्रेस ग्रामीण के जिलाध्यक्ष सजल चंद्राकर, पूर्व जनपद अध्यक्ष खिलेश देवांगन, महिला कांग्रेस से केसरी मोहन साहू, भारती देवांगन, राजेश्वरी साहू, नगर पालिका परिषद आरंग एवं मंदिरहसौद के पार्षदगण रेखराम पात्रे, समीर गोरी, खिलावन निषाद, ओमप्रकाश यादव, गौरी देवांगन, उपेन्द्र साहू, मंजू चंद्राकर, राजेश्वरी साहू, भूमिका ध्रुव, रामकृत साहू, धन्ना साहू, चम्मन कोशले, पिन्टू निर्मलकर, नेहरू डाण्डे, भरत लोधी, गणेश बांधे, जय डहरिया, गुरूचरण मिरी, अजीत कोशले, शोभित साहू, विनीत पाण्डेय, देवेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

**न्यायालय तहसीलदार गोबरा नवापारा**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**ग्राम थनौद प.ह.नं. 02**
**नवापारा, दिनांक 20/05/2025**

एतद् व्दारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विजेनद्र कुमार पिता महेशचंद निवासी 211 वी वाहिनी के.रि.प.बल थनौद निवासी ग्राम गोबरा नवापारा प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. ने अनुज्ञप्ति के प्रपत्र - 3 में शस्त्र धारण करने हेतु सीमा क्षेत्र के लिए लायसेंस प्रदान करने के संबंध में कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, रायपुर छ.ग. को आवेदन पेश किया है जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी अभनपुर के माध्यम से इस कार्यालय को जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जिसकी सुनवाई दिनांक 26/05/2025 को नियत है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता / अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा नियत दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में आये दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 20/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

**तहसीलदार**
**गोबरा नवापारा**

---

**// आम सूचना //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार 1. श्रीमती रागिनी गोस्वामी, पति श्री संतोष गिरी गोस्वामी, 2. सानिया गोस्वामी, 3. सागर गिरी गोस्वामी दोनों पिता-श्री संतोष गोस्वामी, सभी निवासी वार्ड नं.-11, रैता, तहसील-धरसींवा, जिला-रायपुर छ.ग. से प्राप्त अधिकार एवं निर्देशानुसार आम जनता को सूचित किया जाता है, कि श्री संतोष गिरी गोस्वामी एवं गोदावरी पति इंद्रगीर गोस्वामी के संयुक्त हक, स्वामित्व की ग्राम-कुथरैल, प.ह.नं.-5, रा.नि.मं. धरसींवा-1, तहसील- रायपुर, जिला- रायपुर छ.ग. स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर-282/3 रकबा 0.1090 हे., 282/7 रकबा 0.1490 हे., 291/3 रकबा 0.1290 हे., 291/8 रकबा 0.1090 हे. इस प्रकार कुल खसरा नंबर 4 कुल रकबा 0.4960 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उल्लेखित भूमि के भूमिस्वामी संतोष गिरी गोस्वामी वर्ष 2019 से घरवालों को बिना कोई सूचना दिये कहीं चला गया है, जो आज दिनांक तक वापस नहीं आया है। उक्त संबंध में स्पष्ट रूप से कोई प्रमाणिक सूचना नहीं आयी है। अतः उपरोक्तानुसार श्री संतोष गिरी गोस्वामी के लापता होने का फायदा उठाते हुये सहखातेदार गोदावरी पति इंद्रगीर गोस्वामी के द्वारा उपरोक्त वर्णित भूमि को रहन, गहन, विक्रय, बंधक, दान, वसीयत, बय बख्शीश एवं अन्यत्र अंतरण करने का प्रयास किया जा रहा है, ऐसी स्थिति में किसी भी प्रकार का संव्यवहार को अवैध, शून्य एवं निष्प्रभावी माना जावेगा तथा संव्यवहारकर्ता को किसी भी प्रकार से हक, स्वामित्व प्राप्ति नहीं होगा, जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी व लागू नहीं होगा। सो सूचना जाने ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 21/05/2025

**भवदीय**
**डी.पी. प्रधान, श्रीमती मायावती प्रधान,**
**सुरेन्द्र बर्मन, श्रीमती लक्ष्मी वर्मा (अधिवक्तागण)**
**कार्यालय- पी.एस. सिटी के सामने, रिंग रोड नं.-1,**
**चंगोराभाठा, रायपुर (छ.ग.) मो.नं. 9826604577**

---

**न्यायालय तहसीलदार, मंदिर हसौद, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक /........./ वाचक/ तह./ 2025

मंदिर हसौद, दिनांक 16/05/25

**-: ईश्तहार :-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक थनेश्वर कुमार सिन्हा पिता सुखीराम सिन्हा, निवासी ग्राम सेमरिया, पो. नरदहा, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम सेमरिया, प.ह.नं.-01, रा.नि.मं. चंदखुरी, तहसील-मंदिर हसौद, जिला- रायपुर स्थित भूमि पुराना खसरा नंबर 276/7 का भाग रकबा 0.157 हे. भूमिस्वामी घनश्याम कुमार सिन्हा पिता स्व. फुलसिंग सिन्हा के नाम पर राजस्व अभिलेख में त्रुटिवश दर्ज दिखा रहा है। आवेदित भूमि पुराना खसरा नंबर 276/7 का भाग रकबा 0.157 हे. भूमि को विक्रेता बेनबती पति प्रेमलाल अग्रवाल से आवेदक के पिता सुखीराम पिता श्रीलाल द्वारा दिनांक 15.01.1982 को क्रय किया गया है जिसका नामांतरण के बाद ऋण पुस्तिका में भूमिस्वामी सुखीराम पिता श्रीलाल के नाम पर दर्ज है। आवेदित भूमि खसरा नंबर 276/7 का नया खसरा नंबर 496 बन गया है जिससे रकबा मे कमी हुआ है। आवेदक के पिता सुखीराम पिता श्रीलाल का देहांत दिनांक 26.09.2008 को हो गया है। आवेदक के द्वारा बंदोबस्त त्रुटि सुधार कर पुराना रकबे के अनुसार ख.नं. 496 रकबा 0.157 हे. भूमि को क्रेता/ सुखीलाल के विधिक वारिसान का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/ आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 06.06.2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 16.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

**तहसीलदार**
**मंदिर हसौद, (छ.ग.)**

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.मा.क्र./ 202505110800052/अ-6/ 2024-25

रायपुर, दिनांक 19/05/2025
ग्राम- तेलीबांधा, प.ह.नं. 64
तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका कुमारी वर्षा पांडे पिता श्री ए.पी. पांडे निवासी सुपर स्टेट कॉलोनी, अमलीडीह मार्ग न्यू पुरेना रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम तेलीबांधा, प.ह.नं. 64, तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि शीट नंबर 40, भूखण्ड क्रमांक 01/01/1, रकबा 186 वर्गफुट एवं शीट नंबर 40, भूखण्ड क्रमांक 01/01/2, रकबा 135 वर्गफुट को आवेदिका द्वारा विक्रेता राम चंद मनुजा पिता स्व. हरीराम मनुजा निवासी ए-39, ढेबर स्टील सिटी, अवंति विहार, शंकर नगर रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 31/03/2025 के माध्यम से क्रय किया गया है। उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर विक्रेता राम चंद मनुजा पिता स्व. हरीराम मनुजा का नाम विलोपित कर आवेदिका द्वारा अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन किया है।

अतः आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 06/06/2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 19/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**रायपुर**

# बजट में मंजूर होने के बाद भी नई योजनाओं के काम शुरू नहीं हो पाते, अब वित्त ने बदल दी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में बजट निर्माण के दौरान अंतिम चरण में विभागों के बजट में नवीन योजनाओं और नवीन मद के कार्यों के प्रस्तावों को अपरिहार्य बताकर अपरीक्षित नवीन मद के रूप में शामिल करा लिया जाता है, लेकिन प्रशासकीय स्वीकृति में देर होने के कारण ऐसे काम शुरू ही नहीं हो पाते। इस मामले को लेकर अब वित्त विभाग ने सभी विभागों के लिए नए निर्देश जारी किए हैं। खास बात ये है कि अब अगले वित्त वर्ष के बजट में शामिल करने के लिए प्रशासकीय अनुमोदन प्राप्त करने के बाद दिसंबर तक सहमति लेनी होगी।

इस संबंध में वित्त विभाग ने शासन के सभी विभागों, राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागीय आयुक्त, सभी कलेक्टरों को आदेश जारी किया गया है। इसे नवीन मद के प्रस्तावों को बजट में परीक्षित नवीन मद के रूप में शामिल किए जाने एव प्रशासकीय स्वीकृति के संबंध में बताया गया है।

**वित्त ने कही ये बात:** वित्त विभाग का कहना है कि हर साल विभागों के बजट में नवीन मदों को शामिल करने के लिए वित्त विभाग को प्रस्ताव प्रेषित करने के लिए बजट कार्यक्रम जारी किए जाते हैं। जिसके अनुसार ये निर्देशित किया जाता रहा है कि बजट में नवीन मद के रूप में प्रस्तावों को सूक्ष्म परीक्षित मद के रूप में शामिल किया जाए तथा अपरीक्षित मद के रूप में प्रस्ताव यथा संभव बजट में शामिल नहीं किया जाए। लेकिन विभिन्न विभाग बजट निर्माण की प्रक्रिया के अंतिम चरण में नवीन योजनाओं एवं नवीन मद के प्रस्तावों को अपरिहार्य बताकर अपरीक्षित नवीन मद के रूप में प्रस्ताव शामिल कराए जाते हैं।

## अब नई योजनाओं का प्रशासकीय अनुमोदन पहले लेना होगा

### ... लेकिन काम शुरू नहीं हो पाता

वित्त ने ये भी कहा है कि बजट पारित होने के बाद अपरीक्षित नवीन मद के के कार्यों योजनाओं एवं नवीन मद के कार्यों योजनाओं को प्रशासकीय स्वीकृति में विलंब के कारण उस वित्तीय वर्ष में नवीन मद में प्रस्तावित कार्य का क्रियान्वयन नहीं हो पाता है। साथ ही नवीन मद के रूप में प्रावधानित बजट का उपयोग नहीं हो पाता है। इसके अलावा अपरीक्षित नवीन मद के रूप में शामिल कार्यों को बिना परीक्षण सर्वेक्षण के बजट में शामिल कराए जाने से बजट में कार्यों, योजनाओं की अनुमानित लागत एवं वित्तीय भार सही न होने से नवीन सृजित होने वाले वित्तीय दायित्वों का सही आकलन नहीं हो पाता है।




### अब सरकार ने लिया ये फैसला

इस स्थिति को देखते हुए वित्त विभाग ने अब निर्णय लिया है कि बजट में नवीन मद के प्रस्तावों को यथा संभव परीक्षित नवीन मद के रूप में शामिल किया जाए। विभागों द्वारा परीक्षित नवीन मद के रूप में शामिल किए जाने वाले कार्यों की प्राथमिकता तय करते हुए ऐसे कार्यों, योजनाओं का इस्टीमेट, प्रस्ताव आदि तैयार कर अगले वित्तीय वर्ष के बजट में शामिल करने के लिए प्रशासकीय अनुमोदन लिया जाकर वित्त विभाग से दिसंबर तक सहमति प्राप्त कर ली जाए, जिससे आगामी वित्तीय वर्ष के बजट में नवीन मद के प्रस्ताव अधिकांशतः परीक्षित नवीन मद के रूप में शामिल हो सकें, व कार्यों, योजनाओं का बजट वर्ष में पूरी तरह क्रियान्वयन करते हुए प्रावधानित व्यय का समुचित उपयोग किया जा सके।

## खबर संक्षेप

### मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक कल

रायपुर। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल की अध्यक्षता में उप मंत्रि-मंडलीय समिति की बैठक 23 मई को मंत्रालय महानदी भवन में दोपहर 1 बजे आयोजित की गई है। उप मंत्रि-मंडलीय समिति बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 की अतिशेष धान का नीलामी के माध्यम से निष्पादन एवं कस्टम मिलिंग कर मिलरों से चावल जमा की स्थिति सहित आगामी खरीफ सीजन 2025-26 में किसानों से धान खरीदी के लिए आरंभिक तैयारियों की व्यवस्था के संबंध में चर्चा की जाएगी। मंत्री-मंडलीय उप समिति की बैठक में कृषि विकास एवं कृषक कल्याण मंत्री रामविचार नेताम, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, वित्त एवं वाणिज्यिकर मंत्री ओपी चौधरी, बीस सूत्रीय कार्यान्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंक राम वर्मा सदस्य के रूप शामिल होंगे।

### बैज 26 से 28 तक बचेली से दंतेवाड़ा तक करेंगे पदयात्रा

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यख दीपक बैज बस्तर संभाग के आदिवासियों द्वारा संरक्षित जल



जंगल जमीन व खनिज संसाधनों को बचाने बचेली से दंतेवाड़ा तक न्याय पदयात्रा करेंगे। 26 से 28 मई तक चलने वाली पद यात्रा अंतिम दिन जिला मुख्यालय दंतेचाड़ा में कलेक्टोरेट कार्यालय का घेराव करने के बाद समाप्त होगी। न्याय पदयात्रा के दौरान बस्तर की समस्याओं को लेकर लोगों को जोड़ने का प्रयास करेंगे।

### राजीव गांधी के शहादत दिवस पर कांग्रेसियों ने ली शपथ

रायपुर । पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि को कांग्रेस ने हर वर्ष की भांति आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस भवन गांधी मैदान में राजीव गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया एवं सभी कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद एवं हिंसा का डटकर मुकाबला करने की शपथ ली। शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा कि राजीव गांधी के कुशल नेतृत्व में राष्ट्र ने प्रत्येक क्षेत्र में नई उपलब्धियों को हासिल किया। राजीव गांधी पंचायती राज के प्रबल पक्षधर थे वे पंचायती राज के माध्यम से प्रजातंत्र की नींव मजबूत करना चाहते थे। कार्यक्रम में कन्हैया अग्रवाल, पंकज शर्मा, कुलदीप जुनेजा, श्रीकुमार मेनन, मदन तालेड़ा, मनोज कंदोई, सुंदर जोगी, जी. श्रीनिवास, बंशी कन्नौजे, प्रवीण चंद्राकर, पदमा कहार, संतोष जैन, मोहसिन खान, मुन्ना मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### स्कूली बच्चों ने सीखा पर्यावरण संरक्षण का पाठ

रायपुर। स्कूली बच्चे गर्मियों की छुट्टी में रचनात्मक कार्य सीख रहे हैं। इन बच्चों को पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति से जोड़ने के लिए जंगल सफारी का भी भ्रमण कराया जा रहा है। 19 से 24 मई तक नंदनवन जंगल सफारी में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। गौरतलब है कि वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने बच्चों को प्रकृति से जोड़ने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने नवा रायपुर स्थित नंदनवन जंगल सफारी में समर कैंप करने के निर्देश दिए थे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में बांटने से पहले उद्योग विभाग के अफसर करते हैं भेजी गई सामग्री का सत्यापन

# रायपुर सहित कई जिलों में दो महीने से भंडारण किए गए सामान की जांच नहीं, इसलिए वितरित भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए सामग्री की खरीदी संचालनालय स्तर पर की जाती है। सामग्री की खरीदी कर इसे सभी जिलों के महिला एवं बाल विकास विभाग को भेजा जाता है। इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्रों में इन सामग्री का वितरण किया जाता है, लेकिन इस वितरण से पहले संचालनालय द्वारा भेजे गए सामान की गुणवत्ता और संख्या सभी की जांच होती है। यह जांच उद्योग विभाग के अफसरों या उनके द्वारा भेजे गए कर्मचारियों की टीम द्वारा की जाती है। इस जांच के बाद ही आंगनबाड़ी केंद्रों में सामग्री को भेजा जाता है, लेकिन जिस तरह से आंगनबाड़ी केंद्रों में गुणवत्ताहीन सामग्री के वितरण पर सवाल उठे हैं, उसके बाद उद्योग विभाग के अफसर और कर्मचारी भी संदेह के घेरे में आ गए हैं, क्योंकि अगर संचालनालय स्तर पर खरीदी में गड़बड़ी की गई है, तो इन सामग्री की जांच में भी लापरवाही बरती जा रही है।

**15 दिनों के भीतर पेश करनी है जांच रिपोर्ट:** छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, जशपुर और सरगुजा जिलों के आंगनबाड़ी केंद्रों में गुणवत्ताहीन सामग्री की सप्लाई किए जाने पर सवाल उठे हैं। विभागीय मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने इसे लेकर इन सभी जिलों में की गई सामग्री की जांच के लिए शासन स्तर पर कमेटी गठित की है। जांच कमेटी को 15 दिनों के भीतर अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करना है, जिसके आधार पर विभाग आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।

### जांच कमेटी में इन विभागों के अफसर शामिल




जांच कमेटी के अध्यक्ष संयुक्त संचालक (वित्त), महिला एवं बाल विकास संचालनालय हैं। वहीं सदस्यों में प्रबंध संचालक, सीएसआईडीसी, प्राचार्य, जीईसी रायपुर, संबंधित जिला कार्यक्रम अधिकारी, सहायक संचालक, आईसीडीएस, आईआरक्लास सिस्टम एंड सॉल्यूशन प्रालि और एसजीएस इंडिया प्रालि शामिल हैं। कमेटी को सामग्री की भौतिक स्थिति और गुणवत्ता मानकों की जांच का दायित्व सौंपा गया है। साथ ही संदेहास्पद या परीक्षण योग्य नमूनों को मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में भेजकर वैज्ञानिक विश्लेषण कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### *दो माह पहले सप्लाई, जांच नहीं होने के कारण वितरण भी नहीं*

*प्रदेश के लगभग सभी जिलों में संचालनालय ने करीब दो माह पहले आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरण की जाने वाली सामग्री को महिला एवं बाल विकास विभाग को भेज दिया है, लेकिन कई जिलों में इन सामग्री का आंगनबाड़ी केंद्रों में अब तक वितरण ही नहीं किया गया है। इसका कारण उद्योग विभाग है, जिसके द्वारा सामग्री का सत्यापन कर जांच नहीं की गई है। रायपुर जिले में भी अब तक सामग्री का सत्यापन नहीं किया गया है, जिसके कारण आंगनबाड़ियों में इन सामग्री का वितरण नहीं हो पाया है।*

### इन सामग्री की गुणवत्ता पर उठे सवाल

आंगनबाड़ी केन्द्रों में अनाज की कोठी, फर्नीचर, बर्तन, सेनेटरी मशीन, वजन मापने की मशीन, नेल कटर, टब, साबुन, वाशिंग पावडर आदि सामग्री की सप्लाई की जाती है। इन सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठाए गए हैं।

### *कई जिलों से सत्यापन की रिपोर्ट नहीं आई*

*आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरण होने वाली सामग्री को संचालनालय से सभी जिलों के महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालयों में भेजा जाता है। इन सामग्री का भौतिक सत्यापन उद्योग विभाग करता है, जिसकी रिपोर्ट संचालनालय भेजी जाती है। कई जिलों से यह रिपोर्ट आई नहीं है, इसलिए उन जिलों की आंगनबाड़ियों में सामग्री का वितरण नहीं हुआ है। शासन स्तर पर बनी कमेटी सामग्री की गुणवत्ता की जांच कर रही है।*

*- **पदुम सिंह एल्मा**, संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग*

### *सत्यापन नहीं होने से वितरण नहीं हो पाया*

*संचालनालय से सामग्री भेजी गई है। ये सामग्री करीब दो माह से विभाग के कार्यालय में स्टोर है। इन सामग्री का भौतिक सत्यापन करने उद्योग विभाग से टीम नहीं आई है, इसलिए वितरण नहीं किया गया है।*

*- **शैल ठाकुर**, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास रायपुर*

# कांग्रेस के खिलाफ दुष्प्रचार विकास ने की एफआईआर दर्ज करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोशल मीडिया में लगातार कांग्रेस के खिलाफ विरोधी तत्वों द्वारा दुष्प्रचार अभियान चलाने को लेकर पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बुधवार को एसपी से मुलाकात कर इंडिक्स ऑनलाइन यूट्यूब चैनल पर एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा, यदि एफआईआर दर्ज नहीं होती है, तो कांग्रेसी न्यायालय भी जाएंगे। विकास उपाध्याय ने बताया कि विगत कुछ दिनों से सोशल मीडिया में लगातार कांग्रेस के खिलाफ विरोधी तत्वों द्वारा दुष्प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। भ्रामक, असत्य और तथ्य से परे दुष्प्रचार के जरिए जनता के सामने कांग्रेस की छवि धूमिल करने की कोशिश की जा रही है। इसका एक कनेक्शन इंडिक्स ऑनलाइन यूट्यूब चैनल से है।


### ये थे मौजूद

एसपी कार्यालय में विकास उपाध्याय के साथ शिकायत करने पहुंचने वालों में कमलाकांत शुक्ला, प्रकाश जगत, दिनेश ठाकुर, दिलीप चौहान, नरेश गड़पाल, बंशी कन्नौजे, कुंदन सिन्हा, दिलीप गुप्ता, अभिषेक ठाकुर, अमित शर्मा लल्लू, शांतनू झा, भावेश बघेल, सतीश ठाकुर, ऋत्विक चतुर्वेदी, अभय ठाकुर, रूपेश कुमार साहू, संदीप सिरमौर, संदीप तिवारी, वेद प्रकाश कुशवाहा, हर्षित जायसवाल, उमेश साहनी, राहुल धनगर, मधू नायक, मोहम्मद सरोश, शैलेन्द्र शर्मा, भूपेन्द्र साहू भूप्पी आदि उपस्थित थे।

# नगरीय निकाय अपने अफसर कर्मियों को नहीं दे पा रहे हैं वेतन, सरकार से मांगते हैं अनुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- स्थापना व्यय 65 प्रतिशत के भीतर रखने है निर्देश
- आय व्यय में संतुलन बनाने की जरूरत भी है



छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों के वित्तीय प्रबंधन की खामियों का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि ये संस्थाएं अपने अफसर कर्मियों का समय पर वेतन भुगतान भी नहीं कर पा रही हैं। दरअसल निकाय अपनी कमाई यानी राजस्व आय से वेतन नहीं दे पा रहे हैं। खास बात ये है कि निकायों को सरकार बरसों से निर्देश दे रही है कि अपनी आय बढ़ाएं और स्थापना व्यय 65 प्रतिशत की सीमा में ही रखें, पर निकाय यह काम भी नहीं कर सके हैं।

### ये है मामला

नगरीय निकायों के अफसर कर्मियों को वेतन न मिलने का मामला दरअसल संचालनालय नगरीय प्रशासन एं विकास के संचालक के पत्र के माध्यम से सामने आया है। संचालक ने राज्य के सभी निगम आयुक्तों, पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को निकाय के राजस्व एं अनिवार्य निधि से प्राप्त होने वाली आय से निकाय के कर्मचारियों को वेतन देने का निर्देश जारी किया है।

### यह करना है प्रतिबंधित

संचालक ने ये भी कहा है कि निकायों को स्वयं के राजस्व तथा अनिवार्य निधि से प्राप्त होने वाली आय से निर्माण कार्यों के देयक का भुगतान तथा सामाग्री क्रय पूरी तरह से प्रतिबंधित है। ये भी कहा गया है कि इस निर्देश की अवहेलना किए जाने पर संबंधित आयुक्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### क्यों करते हैं अनुदान की मांग

संचालनालय द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि उनके संज्ञान में यह आया है कि अधिकांश निकायों द्वारा राजस्व आय तथा स्थापना व्यय के लिए निर्धारित अनिवार्य निधि चुंगी क्षतिपूर्ति, यात्रीकर, मुद्रांक शुल्क, बार लायसेंस,उत्पाद कर से प्राप्त आय तथा निकाय निधि की राशि का उपयोग अधिकारियों, कर्मचारियों के वेतन भुगतान में न करते हुए अन्य कार्यों में करने की वजह से वेतन भुगतान के लिए लगातार अनुदान की मांग की जा रही है।

### स्थापना व्यय रखना है 65 प्रतिशत के अंदर

नगरीय निकायों में अधिकारियों कर्मचारियों को वेतन के लाले पड़ने का मामला कोई पहली बार सामने नहीं आया है, राज्य में बरसों बरस से निकाय स्थापना व्यय के नाम पर पूरी राशि खर्च कर दे रहे हैं। इसके बाद भी सरकार से अनुदान मांगने की नौबत रहती है। इसी मालों को लेकर चार साल पहले भी नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी निकायों को निर्देश दिया था कि स्थापना व्यय (वेतन आदि के खर्चे) की सीमा 65 प्रतिशत के भीतर रखी जाए। यही नहीं, वित्तीय प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए अपने आय एवं स्थापना व्यय में संतुलन रखकर स्थापना संबंधी व्यय के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधान जुटाएं।

*तालाब गहरी-पचरीकरण के भी 254 कार्य अधूरे*

# ग्रामीण क्षेत्रों में वाटर हार्वेस्टिंग के 2043 कार्य में 41 प्रतिशत ही पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत रायपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण और जल स्त्रोत के लिए वाटर हार्वेस्टिंग, तालाब गहरीकरण-पचरीकरण सहित नया तालाब निर्माण, डबरी एवं कुआं के निर्माण के लिए कार्य स्वीकृत किए जाते हैं, जिसके लिए फंड भी जारी किया जाता है। इसके अलावा इन स्वीकृत कार्यों को पूर्ण करने के लिए समय-सीमा भी निर्धारित की जाती है, लेकिन इसके बाद भी ज्यादातर कार्य समय-सीमा में पूर्ण नहीं किए जा रहे हैं। रायपुर जिले में वर्ष 2024 में स्वीकृत कार्यों की तुलना में लगभग 56 प्रतिशत कार्य ही पूर्ण हो पाए हैं। इनमें वाटर हार्वेस्टिंग के 41 प्रतिशत कार्य पूर्ण हुए हैं। यह आंकड़ा बताता है कि जिले में कितनी धीमी गति से स्वीकृत कार्यों को पूर्ण किया जा रहा है। हालांकि विभागीय सूत्रों के अनुसार स्वीकृत कार्यों में कई कार्य वर्ष 2024 के पहले के भी हैं।




### आरंग में सबसे ज्यादा कार्य अपूर्ण

*मनरेगा के तहत जिले के अभनपुर, आरंग, धरसींवा एवं तिल्दा ब्लॉक क्षेत्रों के लिए कुल 4598 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 2691 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, वहीं 1905 कार्य अभी तक अपूर्ण हैं। इन सभी ब्लॉक में सबसे ज्यादा आरंग में कार्य अपूर्ण हैं। इस ब्लॉक में कुल कुल 1817 कार्यों को स्वीकृति दी गई है, जिनमें 1007 कार्य पूर्ण और 810 अपूर्ण हैं। इसी प्रकार तिल्दा ब्लॉक में स्वीकृत 1193 कार्यों की तुलना में 633 पूर्ण एवं 560 अपूर्ण, धरसींवा ब्लॉक में स्वीकृत कुल 579 कार्यों में 355 पूर्ण एवं 244 अपूर्ण तथा अभनपुर ब्लॉक क्षेत्र में 1008 कार्यों को मंजूरी दी गई हैं, जिनमें 684 पूर्ण एवं 324 अपूर्ण हैं।*

### चारों ब्लॉक में स्वीकृत एवं अपूर्ण कार्यों की सूची

| | स्वीकृत | अपूर्ण |
|---|---|---|
| तालाब गहरी-पचरीकरण | 845 | 254 |
| वाटर हार्वेस्टिंग | 2043 | 1159 |
| नया तालाब निर्माण | 118 | 35 |
| डबरी निर्माण | 43 | 13 |
| कुआं निर्माण | 71 | 21 |
| एसएचजी के लिए भवन | 20 | 5 |
| आंगनबाड़ी मरम्मत कार्य | 19 | 18 |
| आंगनबाड़ी अहाता कार्य | 17 | 15 |
| आंगनबाड़ी भवन | 71 | 49 |
| न्यूट्री गार्डन | 74 | 22 |
| कच्ची नाली निर्माण | 300 | 90 |
| उचित मूल्य की दुकान | 9 | 03 |
| नाला सफाई | 226 | 68 |
| किचन शेड निर्माण | 15 | 05 |
| चेकडेम निर्माण | 40 | 12 |
| मुक्तिधाम-प्रतीक्षालय | 26 | 08 |
| खेल मैदान | 22 | 06 |

### सिर्फ वृक्षारोपण के कार्य पूर्ण

मनरेगा के तहत स्वीकृत कार्य में मात्र दो कार्य वृक्षारोण एवं नर्सरी में वृक्षारोपण के कार्य ही शतप्रतिशत पूर्ण हुए हैं। इनमें वृक्षारोपण के कुल 222 कार्य एवं नर्सरी में वृक्षारोपण के 7 कार्य स्वीकृत किए गए थे। ये दोनों कार्य पूर्ण हो चुके हैं।

## सेना को लेकर हो रही बयान बाजी पर दी प्रतिक्रिया

# भूपेश ने कहा- भाजपा के मंत्री आउट ऑफ कंट्रोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा और केंद्र सरकार पर निशाना साधा है, उन्होंने भाजपा के मंत्री पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वे आउट ऑफ कंट्रोल हो चुके हैं। ऑपरेशन सिन्दूर और भारतीय सेना पर मंत्रियों की बयानबाजी से मची खलबली के बीच उन्होंने कहा, भाजपा के मंत्रियों के मुंह पर कोई कंट्रोल नहीं है। हमारी भारतीय सेना को लेकर कोई कुछ भी बयान दे रहा है। दिल्ली रवाना होने से पहले संवाददाताओं से चर्चा में झीरम हत्याकांड पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने सवाल किए हैं। उन्होंने कहा, इस गंभीर मामले में हमने एसआईटी का गठन किया, केस एनआईए कोर्ट पहुंचा। हाईकोर्ट ने रोक लगा दी, फिर सुप्रीम कोर्ट ने अनुमति दे दी। शीर्ष न्यायलय की अनुमति के बाद अब राज्य सरकार झीरम हत्याकांड में जांच क्यों नहीं कर रही है? उन्होंने सवाल किया कि सरकार एसआईटी गठन करके जांच क्यों नहीं कर रही है? एनआईए की कोर्ट ने गणपति और जिन दूसरे नेताओं से बयान लेने कहा था, अब तक उनसे बयान क्यों नहीं लिया गया?

### राहुल के साथ दिल्ली में बैठक

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बुलावे पर वे दिल्ली पहुंचे। दिल्ली में उनके साथ श्री बघेल बैठक करेंगे। साथ ही भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होंगे। पूर्व पीएम राजीव गांधी की शहादत और देश के लिए उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

// आम सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार 1. श्रीमती रागिनी गोस्वामी, पति श्री संतोष गिरी गोस्वामी, 2. सानिया गोस्वामी, 3. सागर गिरी गोस्वामी दोनों पिता-श्री संतोष गोस्वामी, सभी निवासी वार्ड नं.-11, रैता, तहसील-धरसींवा, जिला-रायपुर छ.ग. से प्राप्त अधिकार एवं निर्देशानुसार आम जनता को सूचित किया जाता है, कि श्री संतोष गिरी गोस्वामी एवं गोदावरी पति इंद्रगीर गोस्वामी के संयुक्त हक, स्वामित्व की ग्राम-कुथरैल, प.ह.नं.-5, रा.नि.मं. धरसींवा-1, तहसील- रायपुर, जिला- रायपुर छ.ग. स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर-282/3 रकबा 0.1090 हे., 282/7 रकबा 0.1490 हे., 291/3 रकबा 0.1290 हे., 291/8 रकबा 0.1090 हे. इस प्रकार कुल खसरा नंबर 4 कुल रकबा 0.4960 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उल्लेखित भूमि के भूमिस्वामी संतोष गिरी गोस्वामी वर्ष 2019 से घरवालों को बिना कोई सूचना दिये कहीं चला गया है, जो आज दिनांक तक वापस नहीं आया है। उक्त संबंध में स्पष्ट रूप से कोई प्रमाणिक सूचना नहीं आयी है। अतः उपरोक्तानुसार श्री संतोष गिरी गोस्वामी के लापता होने का फायदा उठाते हुये सहखातेदार गोदावरी पति इंद्रगीर गोस्वामी के द्वारा उपरोक्त वर्णित भूमि को रहन, गहन, विक्रय, बंधक, दान, वसीयत, बय बख्शीश एवं अन्यत्र अंतरण करने का प्रयास किया जा रहा है, ऐसी स्थिति में किसी भी प्रकार का संव्यवहार को अवैध, शून्य एवं निष्प्रभावी माना जावेगा तथा संव्यवहारकर्ता को किसी भी प्रकार से हक, स्वामित्व प्राप्ति नहीं होगा, जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी व लागू नहीं होगा। सो सूचना जाने ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 21/05/2025

भवदीय
डी.पी. प्रधान, श्रीमती मायावती प्रधान, सुरेन्द्र बर्मन, श्रीमती लक्ष्मी वर्मा (अधिवक्तागण)
कार्यालय- पी.एस. सिटी के सामने, रिंग रोड नं.-1, चंगोराभाठा, रायपुर (छ.ग.) मो.नं. 9826604577

न्यायालय तहसीलदार, मंदिर हसौद, जिला- रायपुर (छ.ग.)
क्रमांक /........./ वाचक/ तह./ 2025
मंदिर हसौद, दिनांक 16/05/25

-: ईश्तहार :-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक थनेश्वर कुमार सिन्हा पिता सुखीराम सिन्हा, निवासी ग्राम सेमरिया, पो. नरदहा, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम सेमरिया, प.ह.नं.-01, रा.नि.मं. चंदखुरी, तहसील-मंदिर हसौद, जिला- रायपुर स्थित भूमि पुराना खसरा नंबर 276/7 का भाग रकबा 0.157 हे. भूमिस्वामी घनश्याम कुमार सिन्हा पिता स्व. फुलसिंग सिन्हा के नाम पर राजस्व अभिलेख में त्रुटिवश दर्ज दिखा रहा है। आवेदित भूमि पुराना खसरा नंबर 276/7 का भाग रकबा 0.157 हे. भूमि को विक्रेता बेनबती पति प्रेमलाल अग्रवाल से आवेदक के पिता सुखीराम पिता श्रीलाल द्वारा दिनांक 15.01.1982 को क्रय किया गया है जिसका नामांतरण के बाद ऋण पुस्तिका में भूमिस्वामी सुखीराम पिता श्रीलाल के नाम पर दर्ज है। आवेदित भूमि खसरा नंबर 276/7 का नया खसरा नंबर 496 बन गया है जिससे रकबा मे कमी हुआ है। आवेदक के पिता सुखीराम पिता श्रीलाल का देहांत दिनांक 26.09.2008 को हो गया है। आवेदक के द्वारा बंदोबस्त त्रुटि सुधार कर पुराना रकबे के अनुसार ख.नं. 496 रकबा 0.157 हे. भूमि को क्रेता/ सुखीलाल के विधिक वारिसान का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/ आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 06.06.2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 16.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर
तहसीलदार
मंदिर हसौद, (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.मा.क्र./ 202505110800052/अ-6/ 2024-25
रायपुर, दिनांक 19/05/2025
ग्राम- तेलीबांधा, प.ह.नं. 64
तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका कुमारी वर्षा पांडे पिता श्री ए.पी. पांडे निवासी सुपर स्टेट कॉलोनी, अमलीडीह मार्ग न्यू पुरेना रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम तेलीबांधा, प.ह.नं. 64, तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि शीट नंबर 40, भूखण्ड क्रमांक 01/01/1, रकबा 186 वर्गफुट एवं शीट नंबर 40, भूखण्ड क्रमांक 01/01/2, रकबा 135 वर्गफुट को आवेदिका द्वारा विक्रेता राम चंद मनुजा पिता स्व. हरीराम मनुजा निवासी ए-39, ढेबर स्टील सिटी, अवंति विहार, शंकर नगर रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 31/03/2025 के माध्यम से क्रय किया गया है। उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर विक्रेता राम चंद मनुजा पिता स्व. हरीराम मनुजा का नाम विलोपित कर आवेदिका द्वारा अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन किया है।

अतः आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 06/06/2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 19/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर

## खबर संक्षेप



### कांग्रेसियों ने मनाई राजीव गांधी की पुण्यतिथि

रायपुर। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर के सभी ब्लॉक मुख्यालय में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। इसी कड़ी में धरसीवां विधानसभा के धरसीवां, खरोरा एवं आरंग ब्लॉक में भी राजीव गांधी की मूर्ति में पुष्पांजलि अर्पित कर पुण्यतिथि मनाई। इसी दौरान पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने कांग्रेसियों को आतंकवाद एवं अलगाववादी ताकतों के खिलाफ संकल्प दिलाकर उनके किए गए कार्यों को याद किया। साथ ही युवा कांग्रेसियों ने रक्तदान शिविर भी लगाया। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने राजीव गांधी को कंप्यूटर क्रांति साइंस एवं टेक्नालॉजी आज जो भारत में समृद्ध है उसका श्रेय राजीव गांधी को है। कार्यक्रम में पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व खनिज निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन, ब्लॉक अध्यक्ष कोमल साहू, दुर्गेश वर्मा, अश्वनी वर्मा सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### मयंक वर्मा को मिली पीएचडी की उपाधि

रायपुर। आईआईटी पटना बिहार ने



रायपुर निवासी मयंक वर्मा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनका पीएचडी का विषय 'माइक्रो फिक्शन स्टियर वेल्डिंग ऑफ डीसी मिलर एल्युमिनियम एलाइज था'। उन्होंने अपना शोर्ध कार्य प्रोफेसर डा. प्रोवीर साहा के निर्देशन में पूरा किया। मयंक वर्मा होली क्रॉस स्कूल कापा रायपुर से स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद रुंगटा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से बीटेक मेकेनिकल शाखा की डिग्री रायपुर से प्राप्त की। वर्तमान में प्रोजेक्ट इंजीनियर के रूप में वीएन आईटी नागपुर में कार्यरत है।
वे हरिभूमि कार्यालय प्रसार विभाग में कार्यरत अशोक कुमार वर्मा के सुपुत्र हैं।

### छग धीवर समाज का प्रतिभा सम्मान 1 जून को

रायपुर। छग धीवर समाज रायपुर द्वारा वृंदावन हॉल, सिविल लाइन रायपुर के सभागार में 1 जून को कैरियर काउंसिलिंग एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इसमें बोर्ड कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के 101 होनहार छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। साथ ही समाज के बच्चों के लिए निःशुल्क कैरियर काउंसिलिंग का भी आयोजन होगा, जिसमें काउंसिलर वर्षा अजित वरवंडकर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुरेश धीवर प्रदेशाध्यक्ष एवं राजकुमार धीवर अध्यक्ष रायपुर क्षेत्र, पार्षद रमेश सपहा, सावित्री भारती सहित समाज के लोग शामिल रहेंगे।

## निधन

### नीता तरुण श्रीवास्तव

रायपुर। राजा तालाब रायपुर निवासी



नीता तरुण श्रीवास्तव का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 22 मई को प्रातः 9:00 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट जाएगी। वे तरुण श्रीवास्तव की पत्नी तथा निशांत श्रीवास्तव की माता थीं।

# फेसबुक पर अमर्यादित पोस्ट, पीएचडी छात्र हॉस्टल से निष्कासित, आधी रात तक हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कुलपति निवास के बाहर बिस्तर लेकर बैठा निष्कासित छात्र एनएसयूआई दे रही समर्थन

इंदिरा गांधी कृषि विवि में एक पीएचडी छात्र को हॉस्टल से बाहर निकाले जाने के बाद प्रशासन और विद्यार्थियों का एक समूह आमने-सामने हो गया है। बुधवार को आदेश जारी होने के बाद देर रात तक छात्रों का विरोध-प्रदर्शन जारी रहा और विवि में गहमागहमी की स्थिति बनी रही। विवि प्रशासन का कहना है कि छात्र का आचरण अमर्यादित है।

## वीसी के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग, पहले भी दी जा चुकी चेतावनी

### पालकों को किया गया था सूचित

विवि प्रशासन के अनुसार, छात्र द्वारा नियमित रूप से तथ्यरहित पोस्ट फेसबुक सहित अन्य सोशल साइट्स पर किए जाते रहे हैं। इसे लेकर उसे कई बार नोटिस भी दिया जा चुका है। इसके अलावा पालकों को भी सूचित किया जा चुका है। हर बार माफी मांगने के बाद छात्र द्वारा पुनः अमर्यादित टिप्पणियां प्रारंभ कर दी जाती रही है। अनुशासन समिति की बैठक के बाद यह फैसला लिया गया है। धर,एनएसयूआई द्वारा बुधवार शाम से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया गया है। खबर लिखे जाने तक निष्कासन के विरोध में छात्र बिस्तर सहित कुलपति कार्यालय के बाहर डेरा जमाए बैठे रहे। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शांतनु झा ने कहा, छात्र द्वारा सोशल



मीडिया में कुलपति पर की गई टिप्पणी अनुचित है, लेकिन वह मानसिक दबाव में था। किसी भी छात्र को घबराहट की स्थिति में की गई गलती के लिए जीवनभर की सजा न दी जाए।

### अनुशासनात्मक कार्रवाई

छात्र पर की गई कार्रवाई पूर्ण रूप से अनुशासनात्मक है। पीएचडी छात्र को केवल 6 सेमेस्टर तक छात्रावास में रहने का अधिकार है।छात्र को इससे अधिक समय हो चुका है। इसके अलावा उक्त छात्र का आचरण अमर्यादित है।

\- डॉ. संजय शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता

साइट्स पर कुलपति सहित प्राध्यापकों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए पोस्ट उक्त छात्र द्वारा किए जाते रहे हैं।

वहीं विवि से निष्कासित छात्र सुजीत सुमेर का कहना है कि यह निष्कासन छात्रहित की आवाज उठाने और जातिगत भेदभाव के विरुद्ध मुखर होने के कारण किया गया है। वह अपने संवैधानिक अधिकारों की बहाली और छात्रावास में पुनः प्रवेश की मांग को लेकर संघर्षरत है। निष्कासित पीएचडी छात्र के समर्थन में एनएसयूआई भी आ गई है। निष्कासित छात्र स्वयं भी एनएसयूआई कार्यकर्ता है।

# महिला आयोग की अनुशंसा पर केंद्रीय जेल प्रहरी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पत्नी और बच्चे का नहीं करता था पालन पोषण, दूसरी महिला से अनैतिक संबंध

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अनुशंसा पर बिलासपुर केंद्रीय जेल के प्रहरी को निलंबित कर दिया गया है। जेल प्रहरी के खिलाफ उसकी पत्नी की शिकायत पर महिला आयोग में सुनवाई की गई थी। इस सुनवाई के दौरान जेल प्रहरी पर उसकी पत्नी ने आरोप लगाया था कि दूसरी महिला के चक्कर में वह उसका और उसकी बच्ची का पालन-पोषण नहीं करता। इस पर आयोग ने दूसरी महिला को नारी निकेतन भेजा था, वहीं जेल प्रहरी को समझाइश दी गई थी। इसके बाद भी जेल प्रहरी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। आवेदिका के दूसरी बार शिकायत करने पर आयोग ने केंद्रीय जेल प्रशासन को पत्र लिखकर जेल प्रहरी के खिलाफ एक्शन लेने की अनुशंसा की थी। इस अनुशंसा पर जेल प्रशासन ने कार्रवाई की है।

आवेदिका द्वारा महिला आयोग में बिलासपुर जेल प्रहरी के खिलाफ विवाह का झांसा देकर दैहिक शोषण करने एवं बेटी पैदा होने पर छोड़ देने व मारपीट करने तथा दूसरी महिला से अनैतिक संबंध बनाये जाने संबंधित शिकायत की गई थी, जिस पर महिला आयोग में सुनवाई के दौरान आवेदिका ने बताया कि अनावेदक बिलासपुर केन्द्रीय जेल में जेल प्रहरी के पद पर पदस्थ है, जिसके साथ आवेदिका ने आर्य समाज के मंदिर में विवाह किया था। विवाह के बाद दोनो की एक बच्ची भी है, परंतु अनावेदक ने अपनी पत्नी और मासूम बच्ची को छोड़ दिया था और ना ही पालन-पोषण करता था।

आवेदिका ने आगे बताया कि अनावेदक ने किसी अन्य महिला से अवैध संबंध रखा है, जिस पर आयोग ने दूसरी लड़की को



नोटिस भेजकर सुनवाई के दौरान समझाइश देते हुए सुधरने के लिए नारी निकेतन भी भेजा था। दूसरी लड़की और उसके पिता द्वारा आयोग में यह शपथ पत्र दिया गया था कि अनावेदक और आवेदिका के वैवाहिक जीवन में वह दोबारा हस्तक्षेप नहीं करेगी। इस शपथ पत्र के आशय से नारी निकेतन से छूटने के बाद दोबारा दूसरी लड़की को अनावेदक ने अपने पास रख लिया और अपनी पत्नी तथा बच्ची की देखभाल नहीं करता था, और ना ही भरण-पोषण देता था। आवेदिका द्वारा पुनः इसकी जानकारी देने पर महिला आयोग अध्यक्ष डा. किरणमयी नायक ने जिला बिलासपुर कारावास प्रभारी को अनावेदक जेल प्रहरी के निलंबन का अनुशंसा पत्र भेजा था, जिस पर जिला बिलासपुर कारावास प्रभारी द्वारा महिला आयोग की अनुशंसा के आधार पर जेल प्रहरी को 8 मई 2025 से तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

### केंद्रीय जेल प्रशासन ने जारी किया आदेश

आयोग की अनुशंसा पर केंद्रीय जेल प्रशासन की ओर से जेल अधीक्षक ने जेल प्रहरी रवि बंजारे के निलंबन से संबंधित आदेश जारी किया है। इस आदेश में लिखा है कि शक्ति नगर बलौदाबाजार निवासी आवेदिका ने महिला आयोग में अपने पति रवि बंजारे के खिलाफ शिकायत की थी, जिस पर 20 दिसंबर 2024 को सुनवाई हुई थी। पत्नी ने रवि पर आरोप लगाया था कि रवि ने उसका दैहिक शोषण किया था, जिससे गर्भ ठहर जाने के बाद आर्य समाज में विवाह किया था। रवि बंजारे ने सुनवाई में इसे स्वीकार भी किया है। इसके बाद रवि ने दूसरी महिला के कारण अपनी पत्नी और बच्ची को घर से निकाल दिया था। इससे परेशान होकर आवेदिका ने आयोग की शरण ली। जेल प्रशासन ने माना है कि इससे स्पष्ट है कि रवि ने शासकीय सेवा का दुरुपयोग कर अपनी पत्नी व बच्ची का जीवन बर्बाद कर बिना तलाक लिए दूसरी महिला के साथ अवैध संबंध में रहना स्वीकारा है, जो उसके खिलाफ सिविल सेवा अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई किए जाने का पर्याप्त आधार है। आयोग ने जेल प्रहरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की अनुशंसा की है। जेल प्रशासन ने इस अनुशंसा पर मुहर लगाते हुए तत्काल प्रभाव से जेल प्रहरी को निलंबित किया है। निलंबन की अवधि में रवि बंजारे का मुख्यालय जिला जेल जांजगीर रहेगा। निलंबन काल में उसे मूलभूत नियम 53-1 एवं 2 के अनुसार निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

# ग्रामीण क्षेत्रों में शराब कोचिए सक्रिय, कोई घर पर, कोई वाहन में ले जाकर बेच रहा, 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- आबकारी विभाग ने अलग-अलग जगहों से 5 लोगों को अवैध रूप से शराब बेचते किया गिरफ्तार

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शराब कोचियों के हौसले लगातार बढ़ रहे हैं। कोई घर पर अवैध रूप से शराब का भंडारण कर बेच रहा है, तो कई दो प हि या वाहन में घूम-घूमकर शराब बेच रहे हैं। आ ब का री विभाग की टीम ने ऐसे ही कोचियों के खि ला फ ता ब ड़ तो ड़ कार्रवाई करते हुए अलग-अलग जगहों से 5 लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 46.86 लीटर देशी शराब जब्त की है।

जिला आबकारी उपायुक्त रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि जिले में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत कोचियों को भी पकड़ा जा रहा है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब बेच रहे हैं। इसी कड़ी में विभाग की टीम ने ग्राम घोंट में रामभरोसे सोनवानी नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 145



पाव देशी मसाला शराब जब्त की है। इसी प्रकार पंकज धीवर निवासी छतौना आरंग के कब्जे से 47 पाव देशी मसाला, सिवनी निवासी जितेन्द्र तारक के कब्जे से 37 पाव देशी शराब और एक हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस वाहन जब्त किया है। इसके अलावा ग्राम छतौना आरंग निवासी दयाराम धीवर के कब्जे से 18 पाव शराब और श्याम बाजार आरंग निवासी अजय साहू के कब्जे से 13 पाव शराब जब्त की है। इन सभी मामलों में आबकारी एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। कार्रवाई में करने वाली टीम में सहायक जिला आबकारी अधिकारी आरएन तिवारी, टेकबहादुर कुर्रे तथा आबकारी उपनिरीक्षक प्रकाश देशमुख, नीलम स्वर्णकार और मेधा मिश्रा शामिल थे।

# म्यूल अकाउंट से रकम ट्रांसफर 10 हैंडलर को किया गिरफ्तार

म्यूल अकाउंट खुलवाने वालों की गिरफ्तारी के बाद हैंडलर की पहचान कर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

म्यूल अकाउंट होल्डर, अकाउंट खुलवाने वाले लोगों के बाद रेंज साइबर पुलिस ने म्यूल अकाउंट हैंडल करने वाले हैंडलरों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। इसी कड़ी में पुलिस ने 10 म्यूल अकाउंट हैंडलर की पहचान कर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक उत्तरप्रदेश का रहने वाला है। पकड़े गए आरोपियों द्वारा छह महीने के भीतर सौ से ज्यादा बैंक अकाउंट के माध्यम से 30 करोड़ रुपए से ज्यादा के ट्रांजेक्शन करने की जानकारी रेंज साइबर पुलिस को मिली है। म्यूल अकाउंट हैंडल करने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने उत्तरप्रदेश के जगदीशपुर निवासी देवेंद्र शर्मा के साथ रायपुर निवासी सनी सोनी, राकेश साहू, राजेन्द्रपुरम, भानु प्रताप सेन, अब्दुल कलाम, रोहित कस्तूरिया, रितेश निर्मलकर, ऋतिक शर्मा तथा बज्जू शर्मा को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी पुलिस से बचने जगह बदल-बदलकर म्यूल आकाउंट से पैसे आहरण कर दूसरे के अकाउंट में ट्रांसफर करने का काम करते थे।



### अकाउंट हैंडल करने किराए पर दुकान

म्यूल अकाउंट हैंडल करने के आरोप में पुलिस ने जिन 10 लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें गुढ़ियारी निवासी राकेश साहू म्यूल आउंट हैंडल करने के लिए गुढ़ियारी में दो अलग-अलग जगह दुकान किराए पर लेकर कार्यालय संचालित कर रहा था। गिरफ्तार आरोपियों के अकाउंट की भी पुलिस पड़ताल कर रही है।

### सटोरियों की रकम ट्रांसफर

रेंज साइबर पुलिस ने जिन म्यूल अकाउंट होल्डर को गिरफ्तार किया है, उनके द्वारा ऑनलाइन सट्टे की रकम का ट्रांजेक्शन किए जाने की जानकारी रेंज साइबर पुसिस को मिली है। इनमें महादेव सट्टा एप के साथ अन्य ऑनलाइन सट्टा ऑपरेटरों की रकम कमीशन लेकर ट्रांसफर करने का काम करते थे। रकम ट्रांसफर करने के एवज में हैंडलरों को मोटा कमीशन मिलता था।

***80 करोड़ रुपए से ज्यादा का ट्रांजेक्शन*** *: जिले में संचालित अलग-अलग बैंकों में 232 म्यूल अकाउंट के खाताधारकों के खिलाफ रेंज साइबर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। इन एकाउंट को लेकर देश के अलग-अलग राज्यों में पांच सौ से ज्यादा एफआईआर दर्ज हैं। रेंज साइबर पुलिस की जांच में इन अकाउंट में अब तक 80 करोड़ रुपए से ज्यादा के ट्रांजेक्शन होने की जानकारी मिली है।*

# नवा रायपुर में सड़क हादसा, तीन घायल, एक आठ साल का बच्चा शामिल

रायपुर। मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में दो कार की आमने-सामने टक्कर से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों में एक आठ साल का बच्चा भी शामिल है। धटना बुधवार सुबह 11 बजे नवा रायपुर सेक्टर-16 की है। कार चालक अपनी चाची के बच्चे तथा केयर टेकर को नवा रायपुर से लेकर वापस अभनपुर जा रहा था, तभी इनोवा के चालक ने मोड़ के पास कार को टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार सड़क दुर्घटना में तुषार मेश्राम,



आठ वर्षीय शिवाय मेश्राम तथा अनिता साहू घायल हुए हैं। तुषार की चाची श्रद्धा मगरलोड में महिला बाल विकास विभाग में सुपरवाइजर है। वह ट्रेनिंग में जाने के लिए निकली थी। ट्रेनिंग में जाने के पूर्व श्रद्धा शिवाय तथा केयर अनिता को संचालनालय में छोड़कर तुषार के साथ मगरोलोड गई थी। तुषार शिवाय तथा अनिता को लेकर अपने निवास अभनपुर जाने के लिए निकला था, तभी हादसा हुआ।

# शहर में लगेंगे 2000 ट्विन बिन, सफाई की डिजिटल मानिटरिंग



रायपुर। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने जीटीपी हेल्थ केयर ग्रुप का आईएलएस हॉस्पिटल रायपुर शहर में 2 हजार ट्विन बिन स्थापित करेगा। सीएसआर के तहत नगर निगम के 10 जोन में गील और सूखा कचरा रखने प्लास्टिक के डस्टबिन लगाये जाएंगे। इसकी देखरेख डिजिटल माध्यम से की जायेगी। आईएलएस हास्पिटल के डीजीएम श्रीकांत उपाध्याय ने महापौर मीनल चौबे को सहमति पत्र दिया।

यह ग्रुप नगर निगम के सभी दस जोन में चयनित सार्वजनिक और व्यावसायिक स्थानों पर ट्विन बिन लगाएगा। इसकी देखरेख की जिम्मेदारी भी संस्था की रहेगी। इस डस्टबिन में एकत्रित कचरे का संग्रहण और चिन्हांकन स्थान तक परिवहन की जिम्मेदारी भी इस संस्था की होगी। दिन में दो बार या अधिक कचरा एकत्रित होने पर आवश्यकता अनुसार इससे अपशिष्ट एकत्र किया जाएगा। इसकी रिपोर्ट भी प्रतिदिन निगम को प्रदान करना होगा।

इस पहल पर स्वीकृति प्रदान करने के लिए हॉस्पिटल के सीओओ डॉ. सौरभ चौरड़िया, ग्रुप के सीओओ डॉ. विशाल गोयल, सीनियर वाइस प्रेसीडेंट देवाशीष धर ने महापौर मीनल चौबे और आयुक्त विश्वदीप के प्रति आभार व्यक्त किया।

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
24/7 Emergency Services
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896, +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवक एवं युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।



योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
9827555678
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

# प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे छग के 5 सहित 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

रेल यात्रियों को अब छोटे स्टेशनों में भी बड़ी सुविधाएं मिलेंगी। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लिफ्ट, एस्केलेटर सहित डिजिटल सुविधाओं से लैस आधुनिक स्वरूप वाले छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़, भिलाई, उरकुरा, भानुप्रतापपुर और अंबिकापुर सहित 103 स्टेशनों का लोकार्पण 22 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। योजना में छत्तीसगढ़ के 32 स्टेशनों का चयन किया गया है, जहां पुनर्विकास का काम तेजी से चल रहा है।

अमृत भारत स्टेशन योजना भारतीय रेलवे द्वारा शुरू की गई एक राष्ट्रव्यापी पहल है, जिसका उद्देश्य स्टेशनों को पुनर्विकसित कर उन्हें यात्री सुविधाओं, संरचना, प्रौद्योगिकी और सौंदर्यीकरण के क्षेत्र में आधुनिक और भविष्योन्मुख बनाना है। योजना में छोटे स्टेशनों में आने वाले यात्रियों को आधुनिक प्रतीक्षालय, स्वच्छ शौचालय, लिफ्ट, एस्केलेटर के साथ डिजिटल सूचना प्रणाली और डिस्प्ले बोर्ड, दिव्यांगों के लिए, टैक्टाइल पाथ, रैम्प, व्यवस्थित यातायात और पार्किंग व्यवस्था के साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 32 स्टेशनों को पुनः विकसित करने के लिए चयनित किया गया था, जहां कई लोकल और एक्सप्रेस ट्रेन रुकती हैं। इनमें से पांच रेलवे स्टेशन योजना के अनुप विकसित किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इसका लोकार्पण करेंगे। छत्तीसगढ़ के अलावा देश के 98 अन्य रेलवे स्टेशन भी इसमें शामिल हैं।

## अमृत भारत स्टेशन योजना, छत्तीसगढ़ के 32 स्टेशनों पर हो रहा 1680 करोड़ खर्च

### छत्तीसगढ़ के अमृत भारत स्टेशन

1. भाटापारा 2. भिलाई पावर हाउस 3. तिल्दा नेवरा 4. बिल्हा 5. भिलाई 6. बालोद 7. दल्ली राजहरा 8. भानुप्रतापपुर 9. हथबंद 10. सरोना 11. मरोदा 12. मंदिर हसौद 13. उरकुरा 14. निपानिया 15. भिलाई नगर 16. रायपुर 17. दुर्ग 18. राजनांदगांव 19. डोंगरगढ़ 20. रायगढ़ 21. बाराद्वार 22. चाम्पा 23. नैला-जांजगीर 24. अकलतरा 25. कोरबा 26. उसलापुर 27. पेंड्रारोड 28. बैकुंठपुर रोड 29. अंबिकापुर 30. बिलासपुर 31. महासमुंद 32. जगदलपुर।




- करेल यात्रियों को मिलेंगे लिफ्ट, एस्केलेटर सहित डिजिटल सुविधाओं वाले स्टेशन, छोटे स्टेशन में बड़ी सुविधाएं

*क्रांतिकारी कदम होगा : रेलवे के अधिकारियों के अनुसार छोटे स्टेशनों के विकसित करने की योजना से राज्य के दूरस्थ एवं औद्योगिक क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने, पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय लोगों के जीवनस्तर को सुधारने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम सिद्ध होगा। इसके माध्यम से छोटे स्टेशनों से ट्रेनों में आवाजाही करने वालों को अपनी यात्रा शुरू करने और समाप्त करने के दौरान सुखद अहसास होगा।*

## खबर संक्षेप



### यूथ कांग्रेस ने लगाया रक्तदान शिविर

**रायपुर।** शहर जिला युवा कांग्रेस द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया। यह रक्तदान शिविर पहलगाम हमले में शहीद आम नागरिकों एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि को समर्पित रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवाओं, कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने रक्तदान कर मानवता के प्रति अपने दायित्व का परिचय दिया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में रक्त संग्रहण किया गया, जिसे जरूरतमंदों की सेवा में समर्पित किया जाएगा। युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा, विनोद कश्यप, सोनू शर्मा, आशिक कुजूर, आस मोहम्मद, गुलजेब अहमद सहित अन्य साथी उपस्थित रहे व रक्तदान किया।

### अग्रवाल संस्कृत विद्यामंडलम के नए सचिव



**रायपुर।** जुगल किशोर अग्रवार संस्कृत विद्यामंडल के नए सचिव होंगे। उनकी नियुक्ति के संदर्भ में पूर्व में ही आदेश जारी किया जा चुका था, लेकिन परीक्षा संबंधित कार्यों के चलते उन्हें माध्यमिक शिक्षा मंडल से पदमुक्त नहीं किया गया था। वे माशिम में उप सचिव के पद पर थे। परिणाम जारी होने के बाद उन्हें पदमुक्त कर दिया गया है। बुधवार को उन्होंने संस्कृत विद्यामंडलम में सचिव का पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और पारदर्शी व्यवस्था है। गौरतलब है कि टॉपर्स घोटाले के बाद तत्कालीन सचिव अल्का दानी को उनके पद से हटाया गया था। उनके स्थान पर लोक शिक्षण संचालनालय के संयुक्त संचालक राकेश पांडेय को अतिरिक्त पदभार दिया गया था।

## ब्राम्हणपारा वार्ड में पेयजल संकट दूर करने रोज नया प्रयोग

# पाइप लाइन जांचने सारथी चौक के पास खोदा गड्ढा, ट्रैफिक जाम से परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर के ब्राम्हणपारा वार्ड के धोबीपारा-यादव पारा, अवधिया पारा में पेयजल समस्या जांचने फिल्टर प्लांट और रायपुर स्मार्ट सिटी के अधिकारी इन दिनों रोज नया प्रयोग करने पर तुले हैं। पहले लाखेनगर चौक में सिग्नल के पास गड्ढा खोदकर पाइप लाइन जांच की। इसके बाद सारथी चौक में गड्ढा खोदकर छोड़ दिया नतीजे नहीं निकले, तो पुरानी बस्ती क्षेत्र के लीली चौक के पास बूस्टर पंप लगाने मुख्य मार्ग की सड़क किनारे खुदाई की। इससे लाखेनगर से लीली चौक और पुरानी बस्ती आने-जाने वाले ट्रैफिक जाम से परेशान हो रहे हैं। सड़क सकरी होने से गाड़ियों की लाइन लगने लगी है, यह स्थिति सुबह और देर शाम देखी जा सकती है।

- पहले लाखेनगर चौक फिर सारथी चौक, अब लीली चौक में गड्ढा खुदाई कर पाइप लाइन जांच

दरअसल, ब्राम्हणपारा वार्ड में अमृत मिशन और 24 घंटे जल आपूर्ति योजना के तहत पाइप लाइन बिछाई गयी है। इसके बाद भी सोहागा मंदिर एरिया, धोबीपारा, पंचपथ चौक, अवधिया पारा, आमापारा और सतबहिनिया मंदिर के पीछे वाले इलाके में पानी की समस्या बनी हुई है। नगर निगम और अमृत मिशन योजना के अधिकारी पानी के लो प्रेशर का कारण जांच नहीं पा रहे। सारथी चौक के पास पाइप लाइन जांचने के लिए निगम का अमला पिछले पांच दिन से गड्ढा खोद कर छोड़ दिया है। अब इस गड्ढे से दुर्घटना की संभावना बढ़ने लगी है।

### लीली चौक के पास बूस्टर पंप लगाने खुदाई





### बूस्टर पंच लगाकर चेक कर रहे

लीली चौक में बूस्टर पंप लगाकर चेक रहे हैं। सारथी चौक में काम चल रहा था जिसमें 2 गली में पानी का प्रेशर बढ़ाने में सफलता मिली है। वहां पर नई व पुरानी पाइप लाइन से जल आपूर्ति हो रही है। जबकि पंचपथ पारा वाला पेंच बचा है। आमापारा के 3 गली में जल आपूर्ति के लिए वाल्व बदला गया है जिससे पानी की समस्या दूर करने में कुछ हद तक सफलता मिली है।

**- नरसिंग फरेन्द्र**, कार्यपालन अभियंता जल, नगर निगम रायपुर



### लोगों को आने-जाने में हो रही असुविधा

अवधिया पारा में पानी का पर्याप्त प्रेशर बनाने के लिए नगर निगम के जल कार्य विभाग ने लीली चौक में 7 बीएचपी का बूस्टर पंप लगाया है। लेकिन इस पंप से लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इससे लोगों में नाराजगी व्याप्त है। शहर का व्यस्त मार्ग होने के कारण सड़क खुदाई कर पाइप लाइन जांचने के दौरान मिट्टी और मलबा बाहर निकालकर रखने से लोगों को आने-जाने में असुविधा हो रही है।

# गोकुल नगर का इकलौता तालाब सूख गया, मवेशियों के लिए निस्तारी का संकट

- निगम ने मुंह फेरा, खटाल वाले परेशान
- तालाब को भरने वाला बोरवेल खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के गोकुलनगर में नगर निगम द्वारा 9 साल पूर्व बनाया गया इकलौता तालाब इन दिनों पूरी तरह सूख गया है। इसमें 180 डेयरी संचालकों के 5 हजार मवेशी पानी के लिए तरस गये हैं। यही नहीं, तालाब को गर्मी में सूखने से बचाने निगम ने जो बोरवेल खनन कराया था, वह महीनों से खराब पड़ा है। खटाल वालों ने इसकी शिकायत जोन 6 के तत्कालीन कमिश्नर से की, पर गोकुलनगर के तालाब को भरने की कोई व्यवस्था नहीं की गई।

हजारों मवेशी के लिए निस्तारी का संकट खड़ा होने से रहवासी परेशान हैं। गोकुलनगर दुग्ध संघ के अध्यक्ष भक्तिशरण मलिक ने महापौर मीनल चौबे से मुलाकात कर जोन 6 के अधिकारियों से रावणभाठा के पास बिजली आफिस में लंबित बिल का भुगतान कराकर बोरवेल शुरू करवाने का आग्रह किया है। शहर के अलग-अलग रहवासी इलाकों में डेयरी चला रहे छोटे व मध्यम पशुपालकों को रिहाइशी इलाकों से हटाकर एक जगह सुव्यवस्थित करने साल 2006 में गोकुलनगर बसाया गया। वहां वर्तमान में 180 डेयरी संचालक अपने 5 हजार से अधिक मवेशियों के साथ आजीवका चला रहे हैं। रायपुर नगर निगम ने इन्हें मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने गोकुलनगर में पक्के शेड आवंटित किये। साथ ही डेयरी संचालकों की मांग पर तत्कालीन महापौर प्रमोद दुबे ने वर्ष 2017 में गोकुलनगर में अतिक्रमण हटाकर मवेशियों की प्यास बुझाने और निस्तारी के लिए तालाब विकसित कराया। तालाब को गर्मी के मौसम में सूखने से बचाने निगम प्रशासन ने वहां बोरवेल खनन कराया। इसके साथ ही मीटर कनेक्शन उपलब्ध कराकर तालाब को पानी से भरने की व्यवस्था दी।



### मीटर उखाड़कर ले गए, बोरवेल भी खराब

गोकुलनगर के रहवासियों का कहना है कि कुछ समय पहले असामाजिक तत्वों ने तालाब के समीप बोरवेल के लिए लगाये गये मीटर को पार कर दिया। तेज गर्मी में बोरवेल खराब होने के बाद इसे दोबारा नहीं बनाया गया, जबकि डेयरी संचालकों ने इस संबंध में तत्कालीन जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल को पहले अवगत करा दिया था। सूत्रों के मुताबिक तालाब के गहरीकरण का प्रस्ताव बनाकर जोन 6 को भेजा जा चुका है। गोकुलनगर तालाब के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव लंबित होने के कारण लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

### शिकायत मिली है

गोकुलनगर स्थित तालाब पूरी तरह से सूख जाने की शिकायत आई है, उसे दिखवाता हूं। बंद पड़े बोरवेल की मरम्मत करायी जायेगी, ताकि गर्मी के दिनों में डेयरी संचालको को पानी की समस्या न हो। **- नरसिंग फरेन्द्र**, कार्यपालन अभियंता, जल विभाग, नगर निगम रायपुर

## पेज 11 के शेष ...

### अमृत मिशन की ....

करनी पड़ रही है। नगर निगम और स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहर में 500 करोड़ रुपये अलग-अलग योजनाओं में खर्च करने के बाद भी शहर टैंकर मुक्त नहीं पाया है। अमृत मिशन के तहत शहर के 42 वार्डो में नई पाइप लाइन बिछाकर इंटर कनेक्शन कर पानी पहुंचाने का इंतजाम किया गया, वहीं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत 15 वार्डो में मोतीबाग और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया बनाकर 24 घंटे भरपूर पीने का पानी पहुंचाने पाइप लाइन बिछाई। स्वचालित वाटर मीटर और पानी की खपत जांचने स्काडा सिस्टम पर काम किया गया। इसके बाद भी गर्मी में शहर के कई वार्ड टैंकर भरोसे हैं।

### इन इलाकों में ....

बेहरा कालोनी, ताजनगर, मयूर क्लब। ब्राम्हणपारा वार्ड : सोहागा मंदिर गली, हनुमान गुड़ी, सरस्वती स्कूल के पीछे का एरिया, यादव पारा, कंकाली तालाब उपर का हिस्सा।

### बांग्लादेशी घुसपैठियों के ....

विभागीय सूत्रों के मुताबिक संदिग्धों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के बजाय उन्हें उनके देश डिपोर्ट किया जाएगा। संबंधित देश अपने नागरिकों को लेने से इनकार करता है, तो ऐसे नागरिकों को डिटेंशन सेंटर में रख कर नागरिकता साबित करने का मौका दिया जाएगा। वर्तमान में राज्य में डिटेंशन सेंटर नहीं है, ऐसे में उन्हें जेल में रखने की व्यवस्था की जाएगी। **पांच जून को होगी पहली बैठक** : अवैध प्रवासियों की पहचान के लिए जो एसटीएफ का गठन किया गया है, उन सभी जिलों के एसटीएफ की पांच जून को रायपुर में पहली बड़ी बैठक होगी। इस बैठक में केंद्र सरकार से प्राप्त निर्देशों की व्याख्या, तलाशी की रणनीति, स्थानीय सहयोग की योजना और इंटेलिजेंस शेयरिंग मैकेनिज्म पर चर्चा की जाएगी।

### जहां ज्यादा शिकायत .....

इसके साथ आधार कार्ड से उनका मोबाइल नंबर मैच कर रहा है या नहीं, इसकी जांच की जाएगी। आधार कार्ड के साथ अन्य दस्तावेजों की एसटीएफ की टीम जांच करेगी।

### अरब सागर की ....

गर्मी के साथ उमस भरी चिपचिपाहट की वजह से बेचैनी वाली स्थिति बनी रही। शाम होने पर यहां भी तेज हवा चली और कुछ एक हिस्सों में बूंदाबांदी भी हुई। आज रायपुर का सर्वाधिक तापमान 41.4 डिग्री रायपुर का दर्ज किया गया, वहीं बिलासपुर का पारा 40 तक पहुंचा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगले चौबीस घंटे में सरगुजा संभाग और बस्तर संभाग के जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने, जबकि बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभाग के जिलों में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है।

### रविवि का कारनामा, 70 ....

परिणाम लेकर जब वह अधिकारियों के पास पहुंचा तब विश्वविद्यालय को अपनी गलती पता चली। इस पूरे मामले के बाद विश्वविद्यालय की मूल्यांकन प्रणाली को लेकर फिर से सवाल खड़े हो गए हैं।

### हज कमेटी चुनाव ....

डालकर निर्णय करवाया और जबरदस्ती प्रमाण पत्र हासिल किया। उन्होंने बताया कि मंत्रालय जाकर शिकायत की गई है, इस मामले की शिकायत पीठासीन अधिकारी ने राज्य सरकार को अपने प्रतिवेदन में की है। रिपोर्ट के आधार पर चुनाव को लेकर शासन की ओर से फैसला सुनाया जाएगा। उन्होंने कहा, बहुमत हमारे उम्मीदवार के पक्ष में था। अगर जरूरत पड़ी, तो मामले में एफआईआर भी कराएंगे और कोर्ट भी जाएंगे।

### पटरी से उतरे ....

सहित रेलवे का अमला घटना स्थल पर पहुंचा। मालगाड़ी के डिब्बे में आयरन ओर भरा था, जिसे खाली करने और उसे वापस पटरी पर लाने के लिए राहत अमले को काफी मशक्कत करनी पड़ी। मालगाड़ी के डिब्बों के डिरेल होने की वजह से रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एक से चार के ट्रेक पर आवाजाही बाधित हो गई थी। दूसरी ओर घटना की जानकारी होने पर सुबह बिलासपुर से आने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस, हावड़ा-पुणे एक्सप्रेस, जनशताब्दी एक्सप्रेस, एलटीटी एक्सप्रेस सहित कुछ अन्य ट्रेनों को उरकुरा और भाठापारा रेलवे स्टेशन पर रोका गया था। लाइन क्लीयर होने तक ट्रेनों को प्लेटफार्म 5 और 6 के जरिये आगे रवाना किया गया। काफी मशक्कत के बाद मालगाड़ी के दोनों डिब्बे पटरी पर आए और बाकी ट्रेक पर भी आवाजाही की शुरुआत हुई।

### चर्चा तीन घटना ....


दो डिब्बे पटरी छोड़ गए। काफी मशक्कत के बाद दोपहर ढाई बजे से आगे रवाना किया गया, मगर उरकुरा मोवा रोड पर मालगाड़ी का एक रैक पटरी से उतर गया। सूचना मिलने पर एक बार फिर रेलवे का अमला सक्रिय हुआ और आनन-फानन में मालगाड़ी के रैक को पटरी पर लाया गया।

# मैट्रिमोनियल साइट पर शादी का झांसा, डॉक्टर से 46 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आमानाका थाना में एम्स के एक डॉक्टर ने मैट्रिमोनियल साइट से संपर्क कर शादी करने का झांसा देकर कथित रूप से एक महिला डॉक्टर के खिलाफ 46 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जालसाज ने डॉक्टर को भविष्य के सपने दिखाकर अस्पताल खोलने का झांसा दिया और ट्रेडिंग साइट में निवेश कराकर ठगी की है।

पुलिस के अनुसार टाटीबंध जैनम प्लेनेट निवासी राहुल कुमार रोहित ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। डॉक्टर के अनुसार दो माह पूर्व मैट्रेमोनियल साइट के माध्यम से उनकी पहचान कथित रूप से डॉक्टर राधिका मुखर्जी से हुई थी। महिला डॉक्टर वाट्सएप कॉल से बात करती थी। डॉक्टर के अनुसार महिला ने उसे फ्यूचर प्लानिंग बताते हुए अस्पताल खोलने का झांसा देकर ट्रेडिंग साइट फॉरेक्स प्लस 500 ग्लोबल सीएस के बारे में जानकारी देते हुए रकम निवेश करने विवश किया।



- अस्पताल खोलने का झांसा देकर ट्रेडिंग साइट में कराया निवेश

### 30 लाख रुपए लोन लेकर निवेश

महिला के झांसे में आए डॉक्टर ने रकम निवेश करने 30 लाख रुपए लोन लिए। साथ ही अपने पास रखे 16 लाख रुपए निवेश कर दिए। डॉक्टर के अनुसार जिस ट्रेडिंग कंपनी में उसने पैसे निवेश किए थे, उसमें उसकी रकम एक करोड़ रुपए होना दर्शा रहा था। इस दौरान डॉक्टर ने अपने पैसे निकालने की कोशिश की। पैसा नहीं निकलने पर डॉक्टर को अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली।

# शंकर नगर वार्ड में बिजली की समस्या, पार्षद राजेश गुप्ता अधीक्षण अभियंता से मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन
- शांतिनगर, न्यू शांतिनगर, शंकर नगर दुर्गा मैदान, गीतांजलि नगर के रहवासी प्रभावित

राजधानी के शंकरनगर वार्ड के कई इलाकों में रोज हो रही बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या को लेकर बुधवार को पार्षद राजेश गुप्ता ने शंकर नगर परिक्षेत्र के अधीक्षण अभियंता विनय चंद्राकर से मुलाकात की।

उन्हें विद्युत के संबंध में आ रही दिक्कतों से अवगत कराते हुए समस्या दूर कराने ज्ञापन सौंपा। नगर निगम जोन 3 के शंकरनगर वार्ड स्थित दुर्गा मैदान, पानी टंकी, सेक्टर 2 क्षेत्र, न्यू शांतिनगर, गोरखा कालोनी, गांधी नगर गीतांजलि नगर सेक्टर 1, 2 और सेक्टर 3 में आए दिन लो वोल्टेज और असमय लाइट गोल से लोग परेशान हैं। वार्ड पार्षद राजेश गुप्ता ने वार्ड वासियों की बिजली समस्या को दूर करने शंकर नगर परिक्षेत्र के अधीक्षण अभियंता विनय चंद्राकर से मुलाकात की। श्री गुप्ता ने उन्हें अवगत कराया कि वार्ड के आधा दर्जन से ज्यादा रहवासी इलाकों में लो वोल्टेज एवं लाइट बंद होने की समस्या आ रही है। इससे वार्ड वासियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता ने उन्हें आश्वस्त किया कि जल्द ही संबंधित क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर बदले जाएंगे। साथ ही शंकर नगर वार्ड क्षेत्र में जितने भी पेड़ बिजली के तारों को छू रहे हैं, उनकी कटाई-छंटाई करायी जायेगी।

## पत्थर मारने के विवाद पर कार से कुचलने की कोशिश

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाने में एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलाफ उसे तथा उसके दो अन्य दोस्तों को सवारी गाड़ी से कुचलकर मारने की कोशिश करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना मंगलवार रात की है। गाड़ी से कुचलने वाले के खिलाफ पुलिस ने हत्या की कोशिश करने का अपराध दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार शेख लियाकत ने विक्की पटेल उर्फ धम्मक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शेख लियाकत ने पुलिस को बताया है कि वह अपने दो अन्य दोस्त मोहम्मद असफाक तथा शाह नवाज के साथ किले वाले बाबा मजार के पास बैठा था। इस दौरान विक्की तीनों के पास पहुंचा और उन पर पत्थर मारने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज की। शेख लियाकत तथा उसके दोस्तों ने पत्थर मारने की बात से इनकार कर जाने लगे। इस दौरान विक्की ने तीनों को घमकाते हुए टाटा मैजिक सवारी गाड़ी से कुचलकर मारने की धमकी देते हुए उन पर गाड़ी चढ़ा दी। बचने की कोशिश में तीनों लड़कों के सिर, हाथ पैर तथा शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## बिजनेस साइट

# पीएनबी द्वारा 'एमएसएमई मासिक आउटरीच कार्यक्रम-मई 2025' का भव्य आयोजन

**रायपुर।** पंजाब नैशनल बैंक, अंचल कार्यालय रायपुर के समन्वय से मध्य कॉर्पोरेट केंद्र (एमसीसी-1) रायपुर द्वारा सायाजी होटल, तेलीबांधा रायपुर में 'एमएसएमई मासिक आउटरीच कार्यक्रम - मई 2025' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन छत्तीसगढ़ मिनी स्टील प्लांट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मुकेश पांडे एवं पीएनबी रायपुर अंचल कार्यालय के महाप्रबंधक/अंचल प्रबंधक आशीष चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर पीएनबी मंडल कार्यालय रायपुर के मंडल प्रमुख वीरेंद्र कुमार शर्मा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। मुकेश पांडे ने कहा कि पीएनबी का यह प्रयास रायपुर के उद्यमियों के लिए लाभकारी है, जहां एक ही स्थान पर उन्हें अनुकूलित ऋण समाधान, प्रतिस्पर्धी ब्याज दरें, डिजिटल बैंकिंग उपकरण और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। आशीष चतुर्वेदी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य एमएसएमई क्षेत्र को वित्तीय समाधान, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और तेज ऋण वितरण के जरिए सशक्त बनाना है।



## आर्सेलर मित्तल की 1गीगावॉट अक्षय ऊर्जा परियोजना से एएम/एनएस इंडिया को मिलने लगी बिजली

**रायपुर।** भारत के इस्पात क्षेत्र में हरित क्रांति की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए आर्सेलर मित्तल की एक गीगावॉट क्षमता वाली अक्षय ऊर्जा परियोजना ने एएम/एनएस इंडिया को स्वच्छ बिजली की आपूर्ति शुरू कर दी है। आंध्र प्रदेश में स्थित इस परियोजना से अब एएम/एनएस इंडिया के गुजरात के हजीरा संयंत्र को सतत रूप से स्वच्छ ऊर्जा मिल रही है। करीब 700 मिलियन डॉलर की लागत से निर्मित यह परियोजना आर्सेलर मित्तल की सहायक कंपनी एएम ग्रीन एनर्जी द्वारा विकसित की गई है।

यह संयंत्र एएम/एनएस इंडिया के कार्बन उत्सर्जन में सालाना 1.5 मिलियन टन की कमी लाने में सक्षम है और 2030 तक इस्पात उत्पादन में 20% कार्बन तीव्रता घटाने के लक्ष्य को हासिल करने में सहायक सिद्ध होगा।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 22 मई 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



ढोकरा शिल्पकार आदिवासी कला-संस्कृति...


## लाइव इवेंट

## विद्यार्थियों को एकाग्र करने संस्था जून में भी लगाएगा ध्यान शिविर



**रायपुर।** विपश्यना ध्यान के कृतज्ञ साधकों द्वारा स्थापित एवं संचालित धम्म केतु विपश्यना ध्यान केंद्र अब स्कूली विद्यार्थियों को एकाग्र करने के लिए पहल करने वाली है। इसके लिए जून में ही दुर्ग और धम्मगढ़ विपश्यना ध्यान केंद्र बिलासपुर में 4 से 12 जून एवं 16 से 24 जून की अवधि में शिविर का आयोजन होगा। 15 वर्ष से 19 वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए सात दिवसीय ध्यान शिविर आयोजित है। शिविर का संचालन किशोरों के लिए पुरुष सहायक आचार्य और किशोरियों के लिए महिला सहायक आचार्य करेंगी। गर्मी की छुट्टी को देखते हुए ही विद्यार्थियों को पारंगत करने के लिए इस निशुल्क आवासीय शिविर को आयोजित किया जा रहा है। सिंगारभाठा रायपुर की जगह अब दूसरे शहरों में भी इस शिविर का आयोजन होगा।

### विपश्यना ध्यान सीखने की जरूरत

किशोर आयु में छात्र-छात्राएं वयस्क होने की दहलीज पर होते हैं। यह संक्रमण काल बहुत खास होता है। जिसका उनके भविष्य पर प्रभाव पड़ता है। इससे कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जैसे पढ़ाई , बदलती वैश्विक दृष्टि तथा अपेक्षाओं के कारण अभिभावकों के साथ संवाद की कमी, मादक पदार्थों का बढ़ता असर, इंटरनेट एवं मोबाइल जैसे व्यसनों के प्रति आकर्षण प्रमुख हैं। इससे तनाव और भावनात्मक उथल-पुथल यही संकेत करते हैं कि उनको जीवन जीने की कला विपश्यना ध्यान सीखने की जरूरत है। विपश्यना ध्यान तीन चरणों में सिखाया जाता है। इसके लिए प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से रात के 9 बजे तक विभिन्न सत्रों में लगभग आठ घंटे साधना करना होता है।

● शहर के युवा आर्टिस्ट ने कला को बनाया शौक, अब स्टार्टअप की तरह चला रहे तो मिल रहा काम

# 2डी-3डी म्यूरल्स प्रिंट से घर -आफिस को दे रहे हैं डिफरेंट लुक, छॉलीवुड के लिए बना रहे सेट

'समय के साथ अब शहर में घर-आफिस ही नहीं, इनकी दीवारों को भी 2डी, 3डी म्यूरल प्रिंट से खास तरह की कला-कृतियों को आकार देना पसंद कर रहे हैं। इन दिनों कृष्ण-राधा, पैरों के प्रतीक, बांसुरी के साथ ही मोर पंख, मोर ज्यादा आर्डर करते हैं। बड़े-बड़े संस्थानों में भी अब संस्थापकों की फोटो नहीं, बल्कि लोग उनकी 3डी पेंटिंग बनवाने लगे हैं। आर्टिस्टों की मानें तो शहर में पांच सौ से ज्यादा युवा अलग-अलग ग्रुप से जुड़कर इसे स्टार्टअप के रूप में चला रहे हैं। इससे युवाओं के हाथों की थ्रीडी कलाकारी को पसंद किया जाने लगा है।'





- हाथों में गजब का हुनर, मा रहीं कृतियां

अजय-विजय सहित 40 से ज्यादा युवा अपने हाथों में गजब का हुनर रखते हैं। कलाकारों ने नए कलेवर में थ्रीडी रंगोली आर्ट को स्टार्टअप का हिस्सा बनाया है। ग्रुप प्रोजेक्ट को टूडी,थ्रीडी डिजाइनिंग, वॉकथ्रू डिजाइनिंग, वीएफएक्स डिजाइनिंग के साथ जैसा क्रिएटिव वर्क हो, इंटीरियर आर्ट, गार्डन को सभी प्रकार से क्रिएटिव वर्क, कंस्ट्रक्शन वर्क आर्ट से रिलेटेड मूर्तियां, स्विमिंग पूल वर्क, पुट्टी पेंट पॉलिश, टेक्सचर रस्टिक वर्क गार्डनिंग, प्री- वेडिंग सेटअप, मैरिज हॉल के साथ ही प्राइवेट संस्थाओं में वॉल पेंटिंग से जुड़े कलाकारों की पूछ-परख अब बढ़ने लगी है।



**रायपुर।** शादी-सगाई के अवसर को खास बनाने के लिए लोग मैरिज हाल, फार्म हाउस, रेस्टोरेंट को ही नहीं, बल्कि घर-आफिस के साथ ही अतिथि कक्ष को भी थ्रीडी डिजाइन में हाइपर म्यूरल से अलग लुक देना पसंद करने लगे हैं। अब बड़े होटलों में भी इंटीरियर के रूप में इसे तराशने के लिए आर्डर दे रहे हैं। स्टार्टअप के रूप में थ्रीडी वॉल पेंटिंग से जुड़े 40 से ज्यादा युवाओं को जोड़ने के बाद काम शुरू किया। अभी तक शहर में सैकड़ों घरों - आफिसों को कम बजट में पेंडिंग के जरिए अनोखा लुक दिया है। अपनी पसंद और स्पेस के अनुरूप बनवाने के लिए लोग आर्डर भी करते हैं। आर्टिस्ट विनोद पांडा ने बताया कि थ्रीडी आर्ट में हायपर लुक का क्रेज है। प्राकृतिक सौंदर्य को लोग वॉल पेंडिग में थ्रीडी हायपर म्यूरल को बनवा रहे हैं।

### 40 से ज्यादा फिल्मों का तैयार किया सेट

*कलाकारों के ग्रुप ने बताया कि अभी तक गुइंया टू, सोनचिरैया, लोरी के चंदा, मोर मया ल राखे रहिबे सहित 40 से ज्यादा छत्तीसगढ़ी फिल्मों को रूपहले पर्दे का हिस्सा बनाने के लिए थ्रीडी आर्ट से सेट भी तैयार किया है। कम समय में जरूरत के अनुरूप माहौल क्रिएट करने के लिए ज्यादातर निर्माता अब इस आर्ट का इस्तेमाल करने लगे हैं। इससे आर्टिस्टों को भी बड़े पैमाने पर छॉलीवुड में ही शूटिंग के लिए माहौल देने के लिए काम मिलने लगा है।*

### 60 से 300 रुपए प्रति वर्गफीट में काम

*आर्टिस्ट बताते हैं कि लोग पूजा कक्ष, गेस्ट रूम के साथ ही आफिसों के मीटिंग रूम को अलग लुक देना चाहते हैं। कम बजट में अलग एहसास आने वाले लोगों को करवाने के लिए लोग थ्रीडी हायपर थीम को ही पसंद करते हैं। बड़े मैरिज हाल, पैलेस, रेस्टोरेंट, होटल के साथ ही 60 रुपए से लेकर 300 रुपए प्रति वर्गफीट की दर में मन चाहा लुक देने के लिए लोग थीम खुद देते हैं। कई लोग इंटीरियर की मदद से भी इस आर्ट का उपयोग करते हैं। टूडी-थ्रीडी वॉल पेंटिंग और दीवारों पर मूर्तियों की जगह प्लास्टिक पेंट, पिगमेंट जैसी जरूरी सामग्री से कलाकार हर तरह की कृतियों को हूबहू उतारते हैं।*

## सिटी इवेंट

## विद्यार्थी सीखेंगे एआई की बारीकिया नौ क्षेत्र में पहल, एक्सपर्ट लेंगे क्लास



**रायपुर।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की बारीकियां सिखाने के लिए अब प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन होने वाला है। रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों में हज़ारों विद्यार्थी एवं युवा इस कार्यशाला में शामिल हो सकते हैं। इसके समापन में माइक्रोसॉफ्ट के ए.आई. एक्सपर्ट विद्यार्थियों एवं युवाओं से रूबरू होंगे। यह आयोजन सांसद बृजमोहन अग्रवाल की पहल पर किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यशाला के संयोजक दानसिंह देवांगन ने बताया कि आधुनिक युग की नई टेक्नोलॉजी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग एवं महत्व निरंतर बढ़ रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, मनोरंजन, परिवहन, कृषि और रोजगार के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मांग बढ़ रही है।

### एआई के बिना जीने की कल्पना मुश्किल

शिक्षित युवा एवं विद्यार्थी भी इस नई टेक्नोलॉजी को समझे और जीवन में इस्तेमाल करें। इस उद्देश्य से सभी नौ विधानसभा क्षेत्र में अलग-अलग निःशुल्क सर्टिफिकेट कोर्स का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश के सुप्रसिद्ध ए.आई. कम्पनी के ट्रेनर विद्यार्थियों को पारंगत करेंगे। वर्तमान दौर में जीवन के हर क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंट्स का उपयोग होने लगा है। भविष्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बिना जीने की कल्पना करना भी मुश्किल हो जाएगा, इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को एआई सीखना और समझना जरूरी हो गया है।

### 10वीं से 12 तक के विद्यार्थी होंगे शामिल

सभी विधानसभाओं में युवाओं के लिए निःशुल्क सर्टिफिकेट कोर्स का आयोजन

प्रशिक्षण कार्यशाला में माइक्रोसॉफ्ट कम्पनी के एआई एक्सपर्ट विद्यार्थियों से रूबरू होंगे और उनकी जिज्ञासा का समाधान करेंगे। सभी विद्यार्थियों को ट्रेनिंग सर्टिफिकेट भी दिए जाएंगे। इस कार्यशाला में 10 वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी पंजीयन करवा सकते हैं। पंजीयन ऑनलाइन और ऑफ़लाइन दोनों माध्यम से किया जाएगा। कार्यशाला में सीट संख्या सीमित है, इसलिए कार्यशाला से पूर्व पंजीयन करवाना अनिवार्य किया गया है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9893982338 में सम्पर्क कर सकते हैं।

नई दिल्ली से महाराष्ट्र मंडल के कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारी

## झूलाघर शुरू करने सुगबुगाहट तेज, नई दिल्ली की टीम प्रभावित

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय नई दिल्ली की निरीक्षण टीम महाराष्ट्र मंडल के सेवाभावी प्रकल्पों और समितियों के कार्यों से प्रभावित नजर आई। चौबे कॉलोनी स्थित मंडल भवन से लगे सखी निवास का निरीक्षण करते हुए टीम ने यहां महिलाओं की संख्या बढ़ाने पर जोर भी दिया। इससे अधिकाधिक कामकाजी महिलाओं को मंडल के सखी निवास का लाभ मिल सकेगा। निरीक्षण टीम ने महाराष्ट्र मंडल को झूलाघर शुरू करने का सुझाव दिया। इससे अध्यक्ष अजय काले भी सहमत नजर आए। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र मंडल के 43 वर्ष पुराने सखी निवास प्रकल्प का निरीक्षण करने के लिए रायपुर जिला कार्यक्रम अधिकारी शैल ठाकुर के साथ महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के अधिकारियों की टीम बुधवार को पहुंची।



### ताकि सुविधा का महिलाओं को मिले लाभ

टीम ने मंडल के पुनर्निर्मित सखी निवास भवन का निरीक्षण करते हुए दिशा- निर्देश दिए। सखी निवास की प्रभारी नमिता शेष ने बताया कि महिला बाल विकास मंत्रालय की टीम की वरिष्ठ कंसलटेंट रीति महोबे और अभिनव मंडल में कामकाजी महिलाओं को दी जा रही सुविधाओं से संतुष्ट नजर आई। उन्होंने कहा कि संतोषप्रद सुविधाओं के बाद भी महाराष्ट्र मंडल को सखी निवास में कामकाजी महिलाओं की संख्या बढ़ाने की दिशा में और अधिक प्रयास करने की जरूरत है, ताकि इस सुविधा का अधिकाधिक कामकाजी महिलाओं को लाभ मिले।

### बैठक में प्रस्ताव पास होने पर पहल

*बाहर से आकर काम कर रहीं महिला कर्मचारी-अधिकारियों को सखी निवास की समुचित जानकारी देते हुए यहां रहने के लिए आकर्षित करना चाहिए। वैसे भी मंडल के पदाधिकारी दिव्यांग बालिका गृह में भी निःशक्त बच्चियों की संख्या बढ़ाने के लिए सतत प्रयत्नशील हैं। सखी निवास का निरीक्षण करने के बाद रीति महोबे ने यहां झूला घर शुरू करने का सुझाव दिया। मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले को यह सुझाव पसंद आया। उन्होंने कार्यकारिणी की बैठक में प्रस्ताव रखने की बात कही। इस दौरान उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल, विशाखा मदन तोपखानेवाले और सचेतक रविंद्र ठेंगड़ी उपस्थित रहे।*

## आरआईटीईई में ड्रोन टेक्नोलॉजी बूट कैंप आज से

**रायपुर।** आरआईटीईई रायपुर में ड्रोन टेक्नोलॉजी तकनीक पर बूट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर के सहयोग से आयोजित यह बूट कैंप 22 मई से 27 मई तक चलेगा। जहां इंजीनियरिंग छात्र-छात्राएं अपनी व्यावहारिक क्षमता व तकनीकी कौशल को परखेंगे। ड्रोन टेक्नोलॉजी बूट कैंप का उद्घाटन सुबह 10 बजे आरआईटीईई परिसर छतोना (मंदिरहसौद) में आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी महानदी एजुकेशन सोसाइटी रायपुर के सचिव शैलेंद्र जैन ने दी। कैंप में कुल 15 सत्रों में विभिन्न संस्थानों के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को विशेषज्ञों की टीम प्रशिक्षण देंगे।

देश के सरहदों पर पहरा दे रहे जवानों को देशभक्ति गीत-संगीत से किया सलाम

## मेरा रंग दे बसंती.....मेरा कर्मा तू मेरा धर्मा तू... देशभक्ति गीतों से वीर जवानों को किया याद



कार्नर न्यूज

**रायपुर।** हर करम अपना करेंगे, ऐ वतन तेरे लिए....मेरा रंग दे बसंती चोला....ये देशभक्ति गीत सुनाई दीं जल विहार कालोनी रोटरी क्लब में, जहां पूज्य सिंधी पंचायत सिविल लाइन महिला विंग ने एक शाम जवानों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें पूज्य सिंधी पंचायत महिला विंग सिविल लाइन की सदस्यों ने देशभक्तिपूर्ण गीतों से देश के वीर जवानों को सलाम किया। महिला विंग की सदस्य डॉ. नीता शर्मा ने सत्यम शिवम् सुंदरम्.....सानवी बजाज ने तेरी मिट्टी में मिल जावां.....देश रंगीला-रंगीला....देश भक्ति गीतों पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु महिमा गीत के साथ शाम 5 बजे हुआ। इसमें पूज्य सिंधी पंचायत महिला विंग की करीब 70 सदस्य शामिल हुईं। इसके अलावा आर्ट ज्योति कोसरंगी गुरुकुल के विद्यार्थीगण उपस्थित थे। महिला विंग व गुरुकुल के सभी सदस्यों ने एक स्वर में देश के सरहदों पर पहरा दे रहे जवानों को देशभक्ति गीत-संगीत से सलाम किया। वहीं, अमर शहीदों को भी याद किया। पूज्य सिंधी पंचायत सिविल लाइन महिला विंग के सदस्यों ने बताया कि एक शाम जवानों के नाम कार्यक्रम का आयोजन जवानों के शौर्य, समर्पण, त्याग, बलिदान के प्रति सच्चा सम्मान व उनका आभार व्यक्त करने किया गया। इस कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष लक्ष्मी बाजाज, रेखा कुकरेजा, इंदु नैनानी, इंद्रा मंधान, कविता रामनामी, अल्पना पदमा उपस्थित रहीं।





### गुरुकुल के बच्चों ने फहराया तिरंगा

आट्‌र्स ज्योति कोसरंगी गुरुकुल की 10 छात्र-छात्राओं की टीम ने 'मेरा कर्मा तू मेरा धर्मा तू....ऐ मेरे प्यारे वतन.....' जैसे भावपूर्ण देशभक्ति गीतों पर हैरतअंगेज पिरामिड बनाकर हाथों में तिरंगा झंडा लेकर ऊंचे गगन में फहराया। छात्रों ने देश के तीनों विंग के वीर जवानों को सैल्यूट कर सलामी दी। गुरुकुल कोसरंगी के छात्र-छात्राओं के शानदार देशभक्तिमय प्रस्तुति ने कार्यक्रम में उपस्थित पूज्य सिंधी महिला विंग सिविल लाइन के सदस्यों के मन में देशभक्ति की भाव जागृत कर दिया।



### सेना को भेजेंगे 11 हजार सहयोग राशि

पूज्य सिंधी पंचायत महिला विंग सिविल लाइन के अध्यक्ष मधु बहादुर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी महिला विंग के सदस्यों ने निर्णय किया कि सेना के जवानों के लिए 11 हजार रुपए की सहयोग राशि भेजी जानी चाहिए, क्योंकि वे सरहदों पर हमारे लिए जान की बाजी लगा रहे हैं। ऐसे में एक सिविलियन होने के नाते हमसे जितना बन जाए जवानों का सहयोग किया जाना चाहिए। इस उद्देश्य से शुक्रवार को देश के रक्षा मंत्री को सेना के लिए सहयोग राशि भेजेंगे। इसके अलावा विंग ने कोसरंगी गुरुकुल के छात्र-छात्राओं की टीम को भी 31 सौ रुपए सहयोग राशि प्रदान किया।

**सिटी लाइव**

## छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ी, 30 नवंबर तक अवसर




**रायपुर।** पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति 2025-26 में ऑनलाइन पंजीयन के लिए अब आदिवासी विकास विभाग ने समय में बढ़ोतरी की है। विद्यार्थी साल में तीन बार- 31 मई, 31 अगस्त, 30 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। यह सुविधा इसलिए दी जा रही, क्योंकि अलग-अलग विषयों के परिणाम विभिन्न तिथियों में जारी किए जाते हैं। इससे छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा न होए इसलिए यह व्यवस्था की गई है। जिले में संचालित सभी शासकीय, अशासकीय कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग, पालीटेक्नीक, आईटीआई आदि में अध्ययनरत ऐसे छात्र जिनका प्रवेश विलंब से हुआ या जिनका परीक्षा परिणाम विलंब से घोषित हुआ है, ऐसे अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए पंजीयन के लिए समय में बढोतरी की गई है।

### विद्यार्थी छूटे तो संस्था प्रमुख जिम्मेदार

तय की गई तिथि के बाद शिक्षा सत्र 2025-26 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन पोर्टल बंद कर दिया जाएगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी भी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं, तो इसके लिए संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों के पालक की आय-सीमा रुपए 2.50 लाख प्रतिवर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आय-सीमा रुपए 1.00 लाख प्रतिवर्ष, सक्षम अधिकारी द्वारा स्थाई जाति प्रमाणपत्र, छ.ग. का मूल निवास प्रमाण पत्र, विद्यार्थी के अध्ययनरत पाठ्यक्रम के विगत वर्ष का परीक्षा परिणाम देना होगा।

**संस्कृति विभाग कैंपस में युवाओं के लिए सजा आकार, हर दिन दो पाली में कला गुरु बता रहे बारीकियां**

# ढोकरा शिल्पकार आदिवासी कला-संस्कृति को तराशने कर रहे जतन, रोजगार के लिए सीख रहे सेंड आर्ट

'बदलते समय को देखते हुए संस्कृति विभाग कैंपस में हर साल युवाओं को जोड़ने और उनके शौक को आय का जरिया बनाने के लिए कला गुरुओं से आकार की श्रृंखला में प्रशिक्षण दिलवा रहे हैं। स्कूलों में अवकाश के बीच युवाओं को कला की विविधता से जोड़ रहे हैं। ढोकला शिल्पकार आकार में आदिवासी कला-संस्कृति के साथ ही उनके तीज-त्योहार और आस्था से जुड़ी मूर्तियों को तराशते हुए किस तरह से जतन करना होता है, इसे भी बता रहे हैं। सेंड आर्ट के क्रेज को देखते हुए युवाओं का रूझान इसे रोजगार के रूप में लेने के लिए बढ़ रहा है।'




### मधुमक्खी के मोम का विशेष उपयोग

ढोकरा शिल्प तैयार करने के लिए मधुमक्खी के मोम की जरूरत होती है। इसके बिना आर्ट का निर्माण संभव नहीं है। कला गुरुओं ने बताया कि मधुमक्खी के छत्ते से शहद को हटाने के बाद उसे मोम की तरह उपयोग में लाया जाता है। शिविर में लगभग 56 प्रतिभागी ढोकरा शिल्प से जुड़े हैं। इनका मुख्य उद्देश्य आदिवासी परंपराओं को करीब से जानना और समझना है। ढोकरा शिल्प प्रशिक्षण केंद्र में भी चिकनी मिट्टी से प्रतिमा का ढांचा तैयार किया जा रहा है। इसके सुखने के बाद गोबर, चिकनी मिट्टी व पीसा हुआ कोयला मिलाकर लेप तैयार किया जाएगा। सुखने के बाद नदी की मिट्टी और धान का भूसा प्रतिमा के खाली स्थान पर रखा जाएगा। इस तरह से सांचें में मोम पिघलाकर पीतल को डाला जाएगा।





**रायपुर।** संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित आकार 2025 में इस बार पारंपरिक शिल्प एवं कला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन चरम पर है। इसमें लोगों का लगाव ढोकरा शिल्प और सेंड आर्ट की बारीकियों को सीखने में बढ़ रहा है। प्रतिभागियों को लोककला एवं संस्कृति से जुड़कर काम करने का मौका मिल रहा है। इस 15 दिवसीय शिविर में गोदना, स्केचिंग, आदिवासी नृत्य-संगीत, भरथरी, जूट आर्ट, ड्राय फ्लावर एवं धान ज्वेलरी जैसी कई विधाओं में कला गुरुओं द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एक जून को शिविर का समापन होगा। इस अवसर पर कला गुरुओं एवं प्रतिभागियों द्वारा तैयार की गई कला-कृतियों को भी प्रदर्शनी का हिस्सा बनाया जाएगा। इस मौके पर ढोकरा शिल्प और सेंड आर्ट के प्रतिभागियों में खासा उत्साह है, सभी की तैयारी जोरों पर है। ढोकरा शिल्प युवाओं के लिए रोजगार का एक बेहतर विकल्प बनने लगा है।



### चिकनी रेत की मदद से बनाते हैं कृतियां

सेंड आर्ट के प्रशिक्षक देवानंद पवार ने बताया कि रोजगार के रूप में इस आर्ट को युवा वर्ग बेहतर अवसर मानता है। एक पेंटिंग और सेंड आर्ट की कीमत 10 हजार रुपए से अधिक है। प्रशिक्षण शिविर के बाद युवाओं को अधिक लाभ होगा और उन्हें रोजगार का एक नया अवसर मिलेगा। सेंड आर्ट को मुख्य रूप से रेत की मदद से तैयार किया जाता है। स्केचिंग के बाद प्रमुख स्थानों पर गोंद और रेत को लगाते हैं। आसपास के स्थानों में स्केचिंग और कलरिंग शुरू हो गई है। सेंड आर्ट चित्रकारी के प्रमुख बिन्दुओं को हाइलाइट करने का काम करता है, जो दूसरों के मुकाबले अलग पहचान देता है।



### कला-कृतियों में रीति-रिवाज व त्योहार

ढोकरा आर्ट के प्रशिक्षण गुरु रंजीत ने बताया कि यह आर्ट ग्रामीण अंचल में काफी चर्चित आर्ट है। इसे ढोकरा समुदाय के लोगों द्वारा बनाया जाता है। इसमें आदिवासी संस्कृति, परंपराओं एवं रीति-रिवाजों को प्रमुखता: से दर्शाया जाता है। शिविर में आदिवासी कलाकृति, नंदी महाराज, हाथी, कछुआ, मारिया-माड़ी डांस, म्यूजिक सैट, पैन स्टेंड और दीपक स्टेंड भी बनाया जा रहा। अब तक केवल प्रतिमाओं को चिकनी मिट्टी और मधुमक्खी के मोम से ही कवर किया है। इसे 3-4 दिनों में पकाने के लिए भट्ठी शुरू करेंगे।

### अंतिम दिन प्रदर्शनी में प्रतिभागियों का हुनर

प्रशिक्षक ने बताया कि इस वर्ष विभाग के डायरेक्टर विवेक आचार्य के लिए विशेष तौर पर सेंड आर्ट तैयार किया जा रहा है। जिसकी कीमत 12-13 हजार रुपए है। इसमें भोरमदेव मंदिर की अद्भुत दृश्य देखने का मौका मिल रहा है। कला गुरु ने बताया कि पेंटिंग प्रेमी अंतिम सभी प्रदर्शनी में अपना आर्ट प्रस्तुति करेंगे। जिन कला प्रेमियों को पेंटिंग या सेंड आर्ट पसंद आएगा वे खरीद सकेंगे।

**सिटी इवेंट**

## अंतरराष्ट्रीय रिंग फाइट चैंपियनशिप में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे शहर के खिलाड़ी




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ रिंग फाइट एसोसिएशन की ओर से संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में रिंग फाइट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसका समापन बुधवार को बालक और बालिका वर्ग से खिलाड़ियों के चयन के साथ हुआ। प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य हैदराबाद में आयोजित अंतरराष्ट्रीय रिंग फाइट चैंपियनशिप में राजधानी के नन्हें खिलाड़ियों की भागीदारी रहेगी। शिविर के समापन अवसर पर बालक वर्ग से तुषार वर्मा, वेदांत साहू, योगेश कुमार यादव, पुष्कर साहू, गौरव हिमने एवं बालिका वर्ग में वर्तिका क्षीरसागर, तनवी साहू, याशिका साहू और सानिका मिश्रा का चयन किया गया।

### 23 से 26 मई तक हैदराबाद में स्पर्धा

मंडल अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ और भारत के टीम का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। इस मौके पर खेल प्रेमियों की नजर होनहार खिलाड़ियों पर टिकी रहेंगी। खिलाड़ियों की बेहतर प्रदर्शन उन्हें कई अवसर दे सकती हैं। गुरुवार को छत्तीसगढ़ रिंग फाइट एसोसिएशन के महासचिव, रिंग फाइट फेडरेशन ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट ओपी कटारिया, कोच एवं खिलाड़ी हैदराबाद के लिए रवाना होंगे। जिन्हें जोशीले अंदाज में प्रतियोगिता के लिए रवाना किया जाएगा। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल ने बताया कि खिलाड़ियों ने स्पर्धा में जीत हासिल करने के लिए कड़ी मेहतन की है। यह प्रतियोगिता 23 से 26 मई तक हैदराबाद शहर में आयोजित की जा रही, जिसमें हजारों देश-विदेश के खिलाड़ी शामिल होंगे।

**31 मई तक आवासीय शिविर का आयोजन कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना में किया गया है**

## कथा, खेल, गीत और व्यायाम के माध्यम से सिखा रहें संस्कृत बोलना

**रायपुर।** संस्कृत भारती संगठन का संस्कृत भाषा पर मध्य क्षेत्र का विशेष प्रशिक्षण शिविर चल रहा है। यह विशेष आवासीय शिविर का आयोजन कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना में किया गया है। जहां देश के अलग-अलग प्रांत से आए संस्कृत भाषाविद प्रशिक्षण में भाग ले रहे प्रशिक्षार्थियों को खेल, गीत, व्यायाम और कथा के माध्यम से संस्कृत भाषा बोलना सिखा रहे हैं। इसकी जानकारी संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ से जुड़े हेमंत साहू और पं. चन्द्रभूषण शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि शिविर में देश भर के अलग-अलग प्रांत से आए संस्कृत के 7 शिक्षक व 10 प्रबंधक संस्कृत शिक्षा के साथ-साथ योग, व्यायाम, संस्कृत में खेल, कथा, कहानी व संस्कृत के गीतों के माध्यम से सबको संस्कृत बोलना सिखा रहे हैं।



**देश के अलग-अलग प्रांत से आए संस्कृत भाषा के 7 शिक्षक व 10 प्रबंधक शिविर में प्रशिक्षण दे रहे**

इस वर्ग में संस्कृत भारती के अधिकतर प्रमुख कार्यकर्ताओं की महती भूमिका है। शिविर से प्रशिक्षित होकर जाने वाले सदस्य अपने -अपने क्षेत्रों में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करेंगे और प्रतिदिन दो घंटे की कक्षा लेकर अन्य सभी लोगों को सिखाएंगे, जिनके पास ज्यादा समय नहीं है या जो कामकाजी हैं। मध्यप्रदेश से आए भरत बैरागी मध्यक्षेत्र के संयोजक हैं, जो इस शिविर में वर्गाधिकारी है। वहीं, प्रशिक्षण प्रमुख पारस साहू रायपुर के प्रांतीय कार्यालय से हैं और बौद्धिक प्रमुख कृष्णकान्त शर्मा हैं, जो देवास से पहुंचे हैं। शिविर में बहुत से महिला व पुरुष संस्कृतप्रेमी मालवा, मध्यभारत, महाकौशल, छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में पहुंचे हुए हैं।

### जीवन को समृद्ध और संस्कारयुक्त बनाने संस्कृत जरूरी

सभी वेद-पुराण, शास्त्र, ग्रंथ, रामायण, गीता, महाभारत सब संस्कृत भाषा में रचे हुए हैं। संस्कृत ही एकमात्र ऐसी भाषा है, जो जीवन को समृद्ध और संस्कारयुक्त बनाती है। यही वजह है कि देश में श्रावण माह की पूर्णिमा तिथि यानी रक्षाबंधन के दिन को संस्कृत दिवस के रूप में मनाते हैं।

### 25 वर्षों से संस्कृत का दे रहें प्रशिक्षण

संस्कृत भारती संगठन एक अखिल भारतीय संगठन है, जिसकी शाखाएं देश के सभी राज्यों के साथ 18 देशों में भी संस्कृत भाषा का प्रशिक्षण देने का कार्य कर रहा है। यह संगठन की छत्तीसगढ़ में पिछले 25 वर्षों से संस्कृत भाषा के संरक्षण व प्रचार का कार्य कर रही है। संस्कृत भाषा के इस शिविर में संस्कृत का संरक्षण, गोष्ठी, संस्कृत में संभाषण, संस्कृत प्रश्नोत्तरी, व्याख्यान, संस्कृत श्लोक, सुक्ति, बड़े-बड़े संस्थानों के संस्कृत में ध्येय वाक्य का स्मरण, गीता पाठ, वाल्मीकि रामायण, संस्कृत के विविध ग्रंथों पर चर्चा, संस्कृत में गीत, नाटक तथा संस्कृत को कॅरियर के रूप में अपनाने, संस्कृत के माध्यम से देश सेवा करने के प्रति जोर दिया जा रहा है।

### पहली बार मध्य क्षेत्र का विशेष शिविर प्रशिक्षण

*सभी भाषाओं की जननी और देव भाषा संस्कृत को अधिकतर लोग केवल दिव्यभाषा, पुराणों की भाषा, पूजा-पाठ की ही भाषा समझते हैं। लेकिन, बहुत कम लोगों को जानकारी है कि यह जन-जन की भाषा रही है। भारतीय पुरातन संस्कृति और सनातन संस्कृति को बचाए रखने में संस्कृत भाषा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसलिए, संस्कृत को पुनः जन - जन की भाषा बनाने के उद्धेश्य से संस्कृत भारती संगठन द्वारा पहली बार मध्य क्षेत्र का विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन राजधानी में रखा गया है।*

## शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती की मूर्ति का आज होगा अनावरण

**रायपुर।** शहर के बोरियाकला स्थित श्री शंकराचार्य आश्रम में ज्योतिष्पीठाधीश्वर एवं द्वारका शारदा के पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती महाराज की मूर्ति का अनावरण गुरुवार को होगा। ज्येष्ठ कृष्ण दशमी को सुबह 11 बजे श्री शंकराचार्य आश्रम में यह कार्यक्रम संपन्न होने जा रहा है। इससे गुरु भक्तों के लिए आश्रम में महा महोत्सव का माहौल मिलने वाला है। इसके लिए सभी गुरु भक्तों को अनिवार्य रूप से शामिल होने की जानकारी आश्रम के माध्यम से दी गई है। आने वाले गुरु भक्तों की सुविधा के लिए पर्याप्त तैयारी की गई है।

### दिनभर चलेगा आयोजनों का सिलसिला

*इसमें अनन्त विभूषित द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज, ज्योतिषपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती महाराज एवं ब्रह्मचारी सुबुद्धानन्द महाराज के साथ ही सचिव उभय पीठ की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। मध्यान्ह काल में भोजन प्रसादी के बाद शाम 5 बजे महापुरुषों की अमृतवाणी प्राप्त होगी। ब्रह्मलीन जगद्गुरु जी के जीवन परिचय पर आधारित नाटक भी गुरु भक्तों को देखने का अवसर मिलेगा। इस आयोजन की अगुवाई दंडी स्वामी डॉ. इन्दुभवानन्द महाराज करेंगे।*

### शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द का आगमन



जगदगुरु शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला में बुधवार को जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती 1008 महाराज का आगमन हुआ। शंकराचार्य आश्रम गुरु परिवार के समस्त भक्तों ने मिलकर उनका स्वागत कर पादुका पूजन किया। शतचंडी यज्ञ के यजमान अनिल पांडे और मयंका पांडे ने पादुका पूजन किया। समस्त वैदिक विद्वानों ने मंत्रोच्चार पूर्वक पूजन कराया। स्वागत समारोह में स्वामी ज्योतिर्मानंद सरस्वती, सिद्धेश्वरानंद ब्रह्मचारी, प्रकाश उपाध्याय, मदन मोहन उपाध्याय, डीपी तिवारी, मयंका पांडे, नंदकिशोर भोसले, डीडी अग्रवाल, नरसिंह चंद्राकर, महेंद्र वर्मा, ज्ञानेश शर्मा, आदि भक्तों ने पूज्य महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया।



## गोकुलचंद्रा मंदिर में मोंगरे की कली से श्रृंगार, 5 जून को नौका विहार महोत्सव





**रायपुर।** बूढ़ापारा स्थित गोकुलचंद्रा मंदिर में मोंगरे की कली से श्री कृष्ण का विशेष श्रृंगार किया जा रहा, यह अखातीज तिथि से गंगा दशहरा तक किया जाएगा। चालीस दिवसीय श्रृंगार के अंतिम दिन 5 जून को नौका विहार महोत्सव का भव्य आयोजन मंदिर परिसर में किया जाएगा। जिसके लिए उत्साह व आनंद के साथ परिसर में तैयारी की जा रही। मंदिर की सदस्य मीना पांड्या ने बताया कि परिसर में मौजूद कमल चौक में यमुना मईया के भाव से जल भरकर नौका विहार कराया जाएगा। इस मौके पर श्री कृष्ण नौका में विरजमान होंगे और सखियां यमुना के तट पर उनका श्रृंगार करेंगी। नौका विहार के दौरान मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया जाएगा, जहां भारी संख्या में श्रद्धालु नौका विहार का मनमोहक दर्शन करने शामिल होते हैं। इस मौके सखी और ग्वालपाल शहरवासी शामिल होते हैं, जो फूलों की वर्षा के साथ नौका विहार महोत्सव मनाते हैं।

### नौका विहार में श्रद्धालुओं की भीड़

गर्मी के दिनों में ठंडकता के लिए नौका विहार महोत्सव मनाया जाता है, जहां सखी प्रेम भाव से श्री कृष्ण का श्रृंगार करती हैं। इन दिनों लगातार राजभोग के दौरान सुबह 11 बजे चंदन लेप से श्रृंगार किया जाता है, वहीं शाम 5 बजे मोंगरे की कली से फूलों का श्रृंगार विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। साथ ही भोग में आम का पना, खरबूजा, नींबू शिकंजी, सौंफ का शरबत, मीसरी इलायची, दही, श्रीखंड जैसे शरीर को ठंडक पहुंचाने वाले सामग्रियों का भोग लगाया जा रहा है।



## सिटी खेल

### आईएमएमए वर्ल्ड म्यू थाई चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने टिकेश्वरी रवाना



**रायपुर।** आईएफएमए वर्ल्ड म्यू थाई चैंपियनशिप 22 मई - 1 जून 2025, अंटालिया (टर्की) में भारत देश का प्रतिनिधित्व करने खेल एवं युवा कल्याण विभाग दंतेवाड़ा की कोच 25 वर्षीय कु टिकेश्वरी साहू आज 21 मई 2025 की शाम स्वामी विवेकानंद विमानतल से नई दिल्ली रवाना हुई।

यह जानकारी देते हुए राज्य म्यूथाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू महासचिव अनीस मेमन ने आगे बताया कि टिकेश्वरी साहू 13 सदस्यीय भारतीय म्यू थाई दल के अन्य सदस्यों के साथ 22 मई 2025 की देर रात अंटालिया (टर्की) हेतू रवाना होगी।

अंटालिया रवानगी के पूर्व 22 मई 2025 को भारतीय म्यू थाई दल का UMAI अध्यक्ष मोहन वर्मा, महासचिव श्रीराम चौधरी जी के नेतृत्व में खेल मंत्री - भारत शासन और भारतीय ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों से सौजन्य भेंट का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

उल्लेखनीय है कि उक्त अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा हेतू कु टिकेश्वरी साहू छ ग से एकमात्र चयनित खिलाड़ी है। टिकेश्वरी साहू विगत चार वर्षों में चौथी बार अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं इसके पूर्व थाईलैण्ड, हॉन्गकॉन्ग, ताईवान में म्यूथाई खेल में भारत का प्रतिनिधित्व कर पदक जीत कर भारत और छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है।

उल्लेखनीय है कि टिकेश्वरी साहू श्री गुजराती उ मा शाला, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छग) की पूर्व खेल शिक्षक रही है। स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर पर विदाई सह शुभकामनाएं देने राज्य म्यूथाई संघ के महासचिव अनीस मेमन, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अमन यादव (भाजपा प्रदेश खेल एवँ कला उप प्रमुख), विशाल हियाल, राष्ट्रीय खिलाड़ी अन्नू देवी कँवर, मानसी तांडी, मंजू साहू, जितेन्द्र यादव (अध्यक्ष यादव समाज) आदि उपस्थित थे।

इसके पूर्व दंतेवाड़ा में दंतेवाड़ा पूर्व कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, वर्तमान कलेक्टर कुणाल ददावत, सीईओ जयंत नाहटा, खेल एवं युवा कल्याण दंतेवाड़ा के खेल अधिकारी प्रदीप सिंह, पीडब्ल्यूडी अभियंता शिवलाल ठाकुर, स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता विमल दीक्षित सहित अनेक खिलाड़ियों ने टिकेश्वरी साहू को शुभकामनाएं देते हुए विदाई दी।

### हमेशा जवां दिखने के लिए अपनाएं फेशियल योग



अपने चेहरे को टोनअप करने के लिए आपको भी रोज ये 4 फेशियल योगा करने चाहिए। इससे आप ज्यादा उम्र में भी बहुत कम उम्र की नजर आएंगी। फेशियल योगा के बारे में हमने बहुत कुछ सुना हुआ है, मगर क्या आपको पता है कि रोजाना फेशियल योगा करने से आप 45 प्लीस होने के बाद भी अपनी उम्र से 10 साल कम नजर आ सकती हैं। जी हां, अगर आप सही विधि से रोज फेशियल योगा करती हैं, तो चेहरे पर पड़ने वाली झाइयां और झुर्रियां दोनों ही कम नजर आती हैं। आपकी उम्र का अंदाजा भी कोई नहीं लगा सकता है।

दिल्ली निवासी पूजा के साथ भी ऐसा ही होता है। पूजा अगले साल उम्र के 50वें पड़ाव पर पहुंच जाएंगी। अपनी उम्र के अर्धशतक को पूरा करने की जितनी खुशी पूजा को है उससे कहीं ज्यादा लोगों को इस बात की हैरानी है कि पूजा दिखने में 35 से ज्यादा की नहीं लगती है। ऐसे में पूजा से सभी जानना चाहते हैं कि आखिर वो कैसे इतनी यंग नजर आती है। फिटनेस फ्रीक पूजा सिन्हा हमें बताती हैं, ₹हर महिला को रोजाना अपने लिए 1 घंटा जरूर निकालना चाहिए और एक्सरसाइज करनी चाहिए। फेशियल योगा के लिए 15 मिनट रोज निकालने चाहिए। हम पूरे दिन हाथ और पैर का उपयोग करते हैं। इसलिए वो एक्टिव रहते हैं। मगर चेहरे की मसल्स इतनी एक्टिव नहीं होती है। इसलिए चेहरे पर फैट जमा हो जाता है। इससे चेहरे की त्वचा भी ढीली होकर लटकने लगती है। उम्र से पहले ही आप बूढ़े नजर आने लगते हैं। ऐसे में फेशियल योगा आपके लिए बहुत ज्यादा मददगार होता है। ₹ इतना ही नहीं, पूजा जी हमें यह भी बताती हैं कि वो कौन से फेशियल योगा हैं, जो आपको रोज करने चाहिए, जिससे आपका चेहरा ज्यादा उम्र तक जवां नजर आता है।

#### फेशियल योगा क्यों जरूरी है?

फेशियल योगा करने से चेहरे की त्वचा में ब्लड सर्कुलेशन अच्छा होता है। इससे त्वचा में ग्लो रहता है, मसल्स भी एक्टिव रहती हैं और फैट नहीं जमा होता है। चेहरे का शेप अच्छा रहता है और त्वचा जल्दी ढीली नहीं पड़ती है। इतना ही नहीं, फेस की मसल्स एक्टिव रहती हैं, तो एजिंग स्पॉट्स, रिंकल्स और पिगमेंटेशन की परेशानी भी नहीं होती है।

## डॉक्टर से जानिए इस मौसम में कैसे रहें सुरक्षित

# बढ़ती गर्मी के कारण बढ़ सकती है बेहोशी-चक्कर जैसी समस्याएं, घर से बाहर निकलते वक्त हमेशा रहें सावधान

देश के ज्यादातर राज्यों में इन दिनों भीषण गर्मी और लू का प्रकोप देखा जा रहा है। बढ़ती गर्मी के कारण हीट स्ट्रोक (लू) लगने का खतरा रहता है, जिसके अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों प्रकार के नुकसान हो सकते हैं। देश के ज्यादातर राज्यों में इन दिनों भीषण गर्मी और लू का प्रकोप देखा जा रहा है। राजधानी दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार (20 मई) को पारा 40 डिग्री और इसके आसपास देखा गया। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इस तरह की बढ़ती गर्मी हमारी सेहत के लिए काफी नुकसानदायक हो सकती है, जिसको लेकर सभी लोगों को निरंतर सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है। बढ़ती गर्मी के कारण हीट स्ट्रोक (लू) का खतरा रहता है, जिसके अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों प्रकार के नुकसान हो सकते हैं।

डॉक्टर बताते हैं, अत्यधिक गर्मी शरीर के थर्मोरेगुलेटरी सिस्टम (तापमान को कंट्रोल करने वाले तंत्र) को प्रभावित करती है, जिससे लू लगने, हीट एक्सहॉश्शन, चक्कर आने और बेहोशी जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं।

चूंकि इन दिनों तापमान में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है, इसलिए आपको पहले से ही कुछ सावधानियां बरतते रहना चाहिए जिससे गंभीर समस्याओं से बचा जा सके।



### हीट स्ट्रोक का बढ़ रहा है खतरा

दिल्ली स्थित एक अस्पताल में जनरल फिजिशियन डॉ रविंद्र डबास बताते हैं, गर्मी के दिनों में हीट स्ट्रोक बहुत आम समस्या है पर कुछ स्थितियों में इसके कारण गंभीर दिक्कतें भी हो सकती हैं। लू लगने की स्थिति में शरीर का तापमान 104फैरनहाइट (40सेल्सियस) या उससे अधिक हो जाता है। यह समस्या शरीर के तापमान नियंत्रित करने की क्षमता फेल हो जाने के कारण होती है।



वैसे तो हीट स्ट्रोक किसी को भी हो सकता है, पर बच्चे और बुजुर्गों में इसके मामले अधिक देखे जाते हैं। बच्चों का शरीर तेजी से गर्म होता है और वे अपनी स्थिति को सही ढंग से व्यक्त नहीं कर पाते वहीं बुजुर्गों के शरीर की थर्मोरेगुलेशन क्षमता कम होती है, इसके कारण 60 से अधिक उम्र वाले लोगों को भी लू लगने का जोखिम अधिक रहता है।

### ऐसे लोगों को बरतनी चाहिए खास सावधानी

डॉक्टर कहते हैं, यदि आप गर्भवती हैं या खुले में काम करने करते हैं (जैसे मजदूर, ट्रैफिक पुलिस, किसान) तो गर्मी से बचाव के लिए निरंतर उपाय करते रहें। इसके अलावा क्रोनिक बीमारियों से पीड़ित जैसे हृदय रोग, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर या मोटापा के शिकार लोगों को भी गर्मी के दिनों में विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है।

### कैसे जानें कहीं आपको भी तो नहीं हो गया है हीट स्ट्रोक?

डॉक्टर बताते हैं हीट स्ट्रोक की स्थिति में आपको कई प्रकार की दिक्कतें होती हैं। शरीर का तापमना बढ़ जाना इसका पहला लक्षण है। इसके अलावा आपको पसीना, त्वचा लाल होने, कमजोरी या थकावट, मतली या उल्टी और चक्कर आने जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। अगर शुरुआती स्थिति में हीट स्ट्रोक पर ध्यान न दिया जाए तो इसके कारण



ब्लड प्रेशर बढ़ने या कम होने, भ्रम-दौरे या बेहोशी की दिक्कतें देखी जाती हैं। दीर्घकालिक रूप में हीट स्ट्रोक की स्थित किडनी फेलियर, ब्रेन से संबंधित समस्याएं बढ़ाने वाली हो सकती है।

### हीट स्ट्रोक-लू से बचे रहने के लिए क्या करें?

आप कुछ आसान से उपाय करके हीट स्ट्रोक के कारण होने वाली समस्याओं से बचे रह सकते हैं। सबसे जरूरी है कि आप हाइड्रेटेड रहें। दिनभर पर्याप्त पानी पिएं, भले ही प्यास न लगे।इलेक्ट्रोलाइट्स वाले ड्रिंक्स जैसे ओआरएस या नारियल पानी का सेवन करें।



## एक फ्लोर चढ़ते ही फूलने लगती है सांस, कहीं शरीर में इन चीजों की कमी तो नहीं?

क्या आप सीढ़िया चढ़ते वक्त थक जाती हैं। एक फ्लोर चढ़ते चढ़ते ही सांसें तेज हो जाती है?हार्टबीट जोर जोर से चलता है, कुछ सेकेंड के लिए ऐसा भी लगता है, कि आप बेहोश होकर गिर जाएंगी, तो आप इसे थकान या मोटापा समझकर नजरअंदाज न करें। हो सकता है कि आपके शरीर को कुछ जरूरी पोषक तत्वों की कमी हो रही हो। आइए जानते हैं कि आखिर सीढ़ियां चढ़ते वक्त ऐसा महसूस होने के पीछे क्या वजह हो सकती है। इस बारे में हेल्थ एक्सपर्ट रामिता कौन ने जानकारी साझा की है।

### एक फ्लोर चढ़ते ही क्यों फूलने लगती है सांस?



एक्सपर्ट के मुताबिक अगर आपके शरीर में लो हीमोग्लोबिन है, तो ऐसा हो सकता है। बता दें कि हीमोग्लोबिन एक ऐसा प्रोटीन होता है, जो शरीर में ऑक्सीजन को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने का काम करता है। जब शरीर में इसका स्तर कम हो जाता है, जो मांसपेशियों और शरीर के अंगों तक पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं पहुंचती है। और जरा सी मेहनत करने पर भी सांस फूलने लगती हैं बेहतर होगा कि आप हरी पत्तेदार सब्जियां, गुड़, अनार और चुकंदर का सेवन करें। विटामिन सी युक्त चीजों का सेवन करें। डॉक्टर की सलाह पर आयरन सप्लीमेंट्स लें। बीटरूट और आमला जूस से दिन की शुरुआत करें।

अगर आपके शरीर में विटामिन बी 12 की कमी होती है, तो न्यूरोलॉजिकल सिस्टम प्रभावित होता है। इससे आपकी सांस लेने की क्षमता पर भी असर पड़ता है। इसके कारण भी सांस फूलना, थकान, कमोजरी, हाथ पैरों में झुनझुनी होती है। इसके अलावा विटामिन डी की कमी भी हल्की मेहनत करने पर सांस फूलने की दिक्कत दे सकती है। सुबह की धूप लें।दूध और अंडा।मांसाहारी चीजें खाएं। डॉक्टर की सलाह पर विटामिन बी12 और विटामिन डी सप्लीमेंट्स लें। सांस फूलना एक अप्रिय अनुभूति है, जिसमें सांस लेने में असुविधा, तेजी या कठिनाई होती है। लोग कहते हैं कि उन्हें सांस फूलने, सांस फूलने या घबराहट महसूस होती है। चिकित्सा शब्द डिस्पनिया है। आपकी छाती में जकड़न महसूस हो सकती है और सांस लेने में तकलीफ हो सकती है। हर किसी को सांस फूलने की समस्या हो सकती है अगर वे बस के लिए दौड़ते हैं या खुद को असामान्य सीमा तक थकाते हैं।

### सांस फूलना क्या है?

सांस फूलने को सांस फूलना और सांस लेने में कठिनाई भी कहा जाता है। सांस फूलने की समस्या से पीड़ित लोग इसे इस तरह से बता सकते हैं: साँस फूलने जैसा महसूस होना। ऐसा महसूस होना कि छाती बहुत कसी हुई है। ऐसा महसूस होना कि उन्हें पर्याप्त हवा नहीं मिल रही है भारी शारीरिक गतिविधि करते समय सांस फूलना सामान्य है, जैसे दौड़ना। हालाँकि, आराम करते समय या बहुत हल्की शारीरिक गतिविधि करते समय (जैसे घर के आसपास टहलना) सांस फूलना सामान्य नहीं है, और यह किसी मेडिकल समस्या का संकेत हो सकता है। सांस फूलने के लिए चिकित्सा शब्द डिस्पनिया है। सांस फूलना अचानक (तीव्र) या धीरे-धीरे समय के साथ (क्रोनिक) हो सकता है।



## किचन क्या और क्यों नहीं रखना चाहिए, जान लें खास बातें

किचन हमारे घर का अहम हिस्सा है। हम किचन की हाइजीन का कैसे ध्यान रख रहे हैं, यह हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। हम कोशिश करते हैं कि किचन साफ-सुथरा रहे। अच्छे से मेंटेन रहे, ताकि देखने में भी अच्छा लगे और खाना भी किसी तरह से कंटैमिनेट न हो। मगर फिर भी कई ऐसे कारण हैं, जिससे हाइजीन पर असर पड़ता है।

चाहे आपकी किचन कितनी भी मॉडर्न क्यों न हो, अगर उसमें कुछ चीजें मौजूद हैं तो आपको तुरंत उन्हें बाहर करना चाहिए। आइए जानते हैं कि कौन-सी हैं वे चार चीजें जिन्हें किचन में रखना एक बड़ी भूल हो सकती है।

### बिल्कुल न रखें दवाइयां

आपने अक्सर देखा होगा कि लोग दवाइयों को किचन के एक कोने में स्टोर कर लेते हैं, ताकि टाइम पर याद रहे। लेकिन ये आदत नुकसानदायक हो सकती है। कुछ कफ सिरप तो फ्रिज में रख दिए जाते हैं। किचन में खाना बनाते समय उठने वाली गर्मी और भाप दवाओं की क्वालिटी को कम कर देती है। कई दवाइयों को ठंडी और सूखी जगह पर रखने की सलाह दी जाती है। कोशिश करें कि दवाइयों को एक अलग ड्रॉअर या मेडिसिन कैबिनेट में रखें, जो नमी और गर्मी से दूर हो।

### डैमेज या खराब हो चुके बर्तन

कितने ऐसे बर्तन हमारे किचन में होंगे, जो स्क्रैच्ड हैं या टूट चुके हैं फिर भी हम उन्हें स्टोर करके रख



सकते हैं। मगर ये चीजें आपके लिए ही मुसीबत बन जाती है। ये बर्तन बेकार में आपका स्टोरेज भर देते हैं और फिर बाकी बर्तनों के लिए जगह नहीं होती।

वहीं, स्क्रैच्ड और जंग लगे हुए बर्तन अन्य बर्तनों में जंग लगा सकते हैं। लोहे के तवे में लगा जंग हो तो वह जंग आसपास के बर्तनों में लगकर उन्हें खराब कर सकता है। स्क्रैच्ड बर्तन नए पैन और नॉन-स्टिक पैन को डैमेज कर सकते हैं। किसी भी खराब, क्रैक्ड या स्क्रैच्ड बर्तन को तुरंत निकालकर फेंकें।


### क्लीनिंग एसेंशियल्स

कई लोग किचन के सिंक के नीचे या साथ में क्लीनिंग प्रोडक्ट्स जैसे फिनाइल, ब्लीच या टॉयलेट क्लीनर रख लेते हैं। इन रसायनों के रिसाव या गंध से खाने की चीजें संक्रमित हो सकती हैं। अगर गलती से ये गिर जाएं, तो किचन में इनक गंध फैल जाएगी, जिससे आपका किचन में खड़े रहकर खाना बनाना मुश्किल हो सकता है।

## पतली हस्तरेखाएं आपके बारे में खोलती हैं रहस्य

हाथ की रेखाएं व्यक्ति के भविष्य के साथ-साथ उसके व्यक्तित्व के बारे में भी बताती हैं। इसी कड़ी में आज हम ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से जानेंगे कि जिन लोगों की हथेली की रेखाएं बहुत पतली होती हैं, उनका भविष्य कैसा हो सकता है।

### पतली हस्तरेखा वाले लोगों का करियर



पतली हस्तरेखा वाले लोगों का करियर बहुत उतार-चढ़ाव भरा रहता है। जिन लोगों के हाथ की रेखाएं पतली होती हैं उन्हें सेटल होने में टाइम लगता है। उनका करियर फिर चाहे वो बिज़नेस के माध्यम से हो या नौकरी के माध्यम से, ढेर से बनता है। पतली हस्तरेखा वाले लोगों को अपने करियर के दौरान कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। कई बार ऐसी परिस्थिति भी आ जाती है कि सारे रास्ते बंद हो जाते हैं और कुछ समझ नहीं आता कि क्या करना है लेकिन इसके बाद भी पतली हस्तरेखा वाले लोग मेहनत के बलबूते देर से ही सही पर सफलता पा लेते हैं।

जिन लोगों की हाथ की रेखाएं बहुत पतली होती है उनकी लाइफ संघर्ष से भरी होती है, विशेष रूप से अगर वो संघर्ष लव लाइफ से जुड़ा हुआ हो तो। प्रेम संबंध को या फिर वैवाहिक जीवन को सुगम बनाने के लिए पतली रेखा वाले लोग अपना मान-सम्मान, आत्मसम्मान तक की चिंता नहीं करते हैं लेकिन इसके बाद भी इनके प्रति इनका पार्टनर कठोर बना रहता है।






















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## सीन 'डिडी' कॉम्ब्स के मुकदमे में गवाही दे सकते हैं रैपर किड क्यूडी



हाल ही में ये जानकारी सामने आई है कि रैपर किड क्यूडी, जिनका असली नाम स्कॉट मस्कुडी है। वह जूरी को जल्द ही कॉम्ब्स की पूर्व प्रेमिका सिंगर कैसी के साथ 14 साल पहले अपने संक्षिप्त संबंध के बारे में बताएंगे। आइए जानते हैं पूरा मामला। कॉम्बस पर यौन उत्पीड़न मामले की यह सुनवाई कोर्ट में कई दिनों से चल रही है। बीते मंगलवार को न्यायालय सत्र के अंत में कॉम्ब्स के बचाव पक्ष के एक वकील ने कहा कि एजेंट द्वारा पिछले साल फ्लोरिडा में कॉम्ब्स के घर पर छापेमारी के दौरान जांचकर्ताओं द्वारा जो कुछ पाया गया था, उसके बारे में गवाही देने के बाद अब रैपर किड क्यूडी तीसरे गवाह होंगे। अब उम्मीद जताई जा रही है कि क्यूडी बुधवार या गुरुवार को जूरी के सामने अपना पक्ष रखेंगे। साथ ही आपको बताते चलें कि इससे पहले कॉम्ब्स के वकील ने बताया कि साक्ष्य के अनुसार यह घरेलू हिंसा को दर्शाती है, ना कि किसी आपराधिक रैकेट या यौन तस्करी को। इसके साथ ही आपको बताते चलें कि कॉम्ब्स ने भी इन सभी आरोपों को नकारते हुए कहा कि वो निर्दोष हैं। इस मामले पर गायिका कैसी वेंचुरा ने बताया कि वो जब कॉम्ब्स के साथ रिश्ते में थी। तो कॉम्ब्स ने साल 2011 में उन्हें पीठ पर लात मारी थी, जब कॉम्ब्स को पता चला कि वह मेस्कुडी के साथ उन्हें धोखा दे रही थी। वेंचुरा की मां ने आरोप लगाया कि कॉम्ब्स ने कैसी को एक ईमेल भेजा था, जिसमें उन्होंने मेस्कुडी की कार को उड़ाने और उनके यौन वीडियो जारी करने की धमकी दी थी। इसके अलावा क्यूडी को चोट पहुंचाने की भी चेतावनी दी थी। आगे रेजिना वेंचुरा ने बताया कि कॉम्ब्स ने उनसे 20,000 अमेरिकी डॉलर की मांग की।

### टॉलीवुड

## मोहनलाल के 65वें बर्थडे पर बेस्ट फ्रेंड ममूटी ने बरसाया प्यार, सीएम ने भी दी बधाई



साउथ सिनेमा के दिग्गज अभिनेता मोहनलाल ने बुधवार 21 मई को अपना 65वां जन्मदिन मनाया और इस खास मौके पर उन्हें देशभर से शुभकामनाएं मिली। 45 साल से ज्यादा के करियर में 400 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुके मोहनलाल को उनके फैंस ही नहीं बल्कि फिल्मी और राजनीति जगत की हस्तियों ने भी बर्थडे विश किया। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने एक्स पर मोहनलाल को जन्मदिन की बधाई दी और उनके साथ एक पुरानी तस्वीर भी शेयर की। सीएम विजयन ने लिखा, 'हैप्पी बर्थडे डियर'। दोनों की यह तस्वीर दर्शाती है कि मोहनलाल सिर्फ एक अभिनेता नहीं, बल्कि एक ऐसे शख्स हैं जिनकी लोकप्रियता राजनीति से लेकर हर क्षेत्र में है। मोहनलाल के करीबी और मलयालम सिनेमा के स्तंभ में से एक माने जाने वाले ममूटी ने भी एक भावुक पोस्ट के जरिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने लिखा, 'हैप्पी बर्थडे डियर लाल'और साथ में दोनों की एक पुरानी मुस्कुराती तस्वीर शेयर की। अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन ने भी एक थ्रोबैक फोटो के साथ उन्हें शानदार साल की शुभकामनाएं दीं।

निविन पॉली ने इंस्टाग्राम पर मोहनलाल के साथ एक प्यारी सी तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'हैप्पी बर्थडे लालेट्टा', वहीं निर्देशक थरुण मूर्ति ने मोहनलाल के साथ एक तस्वीर शेयर की, जिसने फैंस को भावुक कर दिया। मोहनलाल की लोकप्रियता सिर्फ साउथ तक ही सीमित नहीं है। बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी ने भी मोहनलाल को बधाई दी और उन्हें 'सबसे प्रेरणादायक इंसान' बताया। उन्होंने लिखा, 'हैप्पी बर्थडे डियर लाल सर। हमेशा प्यार और सम्मान।'मोहनलाल की हालिया फिल्म 'थुदारुम' बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त प्रदर्शन कर रही है।

### भोजपुरी

## अचनाक से फूट-फूटकर रोने लगीं रानी, बताई वजह तो लोग बोले- इसकी कल्पना भी नहीं की थी



भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी सोशल मीडिया पर फैंस का ध्यान अपनी तरफ खींचने से जरा भी पीछे नहीं रहती हैं। वह अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल दोनों तरह के अपडेट्स लोगों को देती रहती हैं। एक्ट्रेस ने अपनी अपकमिंग फिल्म का एक ऐसा सीन इंटरनेट पर शेयर किया था, जिसमें वह फूट-फूटकर रो रही हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि जब वह इसे फिल्मा रही थीं, तो वह वाकई इमोशनल हो गई थीं।

रानी चटर्जी का असली नाम सबीहा शेख है। इनका जन्म 3 नंवबर 1979 को मुस्लिम परिवार में हुआ था। एक फिल्म के सीन की शूटिंग के दौरान उन्होंने अपना नाम बदल लिया था। और उसके बाद सफलता उनके कदम चूमने लगी। उन्होंने कई गाने किए हैं और अपनी लट्टू जैसी कमर से आग लगा दी है। वहीं, उन्होंने कई फिल्मों में भी अपने अभिनय से जान फूंकी है।

रानी चटर्जी रील में रोती हुई दिखाई दे रही हैं। उन्होंने साड़ी पहनी है और बाल बिखरे हुए हैं और वह सामने खड़ी महिला को गले लगकर आंसू बहा रही हैं। इस पोस्ट के साथ एक्ट्रेस ने लिखा, 'इस सॉन्ग करते हुए मैं सेट पर सच में इमोशन हुई थी क्योंकि इस फिल्म का अंत ही ऐसा लिखा गया था आप सभी ईमेल टैगिंग और मैसेज से मैं फिर भावुक हो गई माइके के टिकट कटा दे पिया कि पूरी टीम को शुक्रिया।' अब रानी चटर्जी के इस पोस्ट पर लोगों ने रिएक्ट किया है।

## लाइफ स्टाइल



परिधान शौकीनों का

वसंत/गर्मियों के इस मौसम में एम्सटर्डम में व्यावहारिक परिधान को अधिक औपचारिक रूप में प्रदर्शित किया गया। वहीं टॉमी हिलफिगर ने न्यूयॉर्क में मोनोग्राम्ड नेवी वर्जन के साथ इस महीने की शुरुआत की। इधर लंदन में तकनीकी परिधान का एक सेक्विन्ड वर्जन प्रदर्शित किया, जबकि द एटिको ने मिलान में एक पीले रंग का विंडब्रेकर पेश किया और सेसिली बहसेन ने पेरिस में पारदर्शी संस्करण प्रदर्शित किए।

## हाथों में खूब जचेंगी मेहंदी की खास डिजाइंस



दुल्हन का श्रृंगार तब तक अधूरा है, जब तक उसके हाथों में पिया के नाम की मेहंदी न रची हो। ऐसे में शादी की डेट फाइनल होते ही होने वाली दुल्हन अपने हाथों में मेहंदी सजाने के लिए नए-नए डिजाइंस तलाशने लग जाती हैं। बदलते हुए ट्रेंड के साथ दुल्हन की मेहंदी की डिजाइंस में भी कई बदलाव देखें गए हैं, मगर आज भी कुछ ट्रेडिशनल डिजाइंस के बिना मेहंदी अधूरी सी लगती हैं। कैरी डिजाइंस को भी हम मेहंदी की सबसे बेसिक डिजाइन मान सकते हैं। खासतौर पर कैरी के बिना दुल्हन की मेहंदी की पूरी नहीं हो सकती है। महीन और बारीक मेहंदी डिजाइन यदि आपको पसंद है, तो ऊपर दी गई तस्वीर को एक बार जरूर देख लें। इसमें केरी और मोर डिजाइन का मिश्रण नजर आ रहा है। खासतौर पर जिन्हें हाथों में भरी-भरी मेहंदी लगाने का शौक होता है, वे कैरी डिजाइंस से हाथों को भर सकते हैं। कैरी डिजाइंस आप हथेलियों, उंगलियों और हाथों की बैक में भी अन्य डिजाइंस के साथ जोड़ते हुए लगवा सकती हैं। कैरी डिजाइन को आप किसी भी अन्य डिजाइंस के साथ जोड़ सकती हैं। यहां तक की मॉडर्न डिजाइंस वाली मेहंदी के साथ भी आप केरी शामिल करके अपनी मेहंदी को कंप्लीट कर सकती हैं। यह आपको तय करना है कि आपको मेहंदी में छोटी कैरियां पसंद हैं या फिर बड़ी कैरियां। आप अगर बड़ी कैरियां बना रही हैं, तो उसके अंदर भी आप डिजाइंस बना सकती हैं। कैरियों के साथ आप हाफ चांद डिजाइंस बना सकती हैं, इतना ही नहीं इस तरह की मेहंदी के साथ गुलाब के फूल और बेल डिजाइंस आदि भी बना सकती हैं। अगर आप हैवी ब्राइडल मेहंदी लगा रही हैं, तो आप उसमें भी कैरी के साथ फूल आदि बना सकती हैं। आपको बता दें कि केरी आप जितने बड़े आकार में बनाएंगी उतनी जल्दी आपका हाथ भरेगा। आप केरी के अंदर भी तरह-तरह की डिजाइंस बना सकती हैं। कैरी भी कई तरह के आकार में बनाई जा सकती हैं। आप ड्रॉप्स, मोर या अधिक घुमावदार कैरियां भी बना सकती हैं। आप केरी की बेल से उंगलियों को भर सकती हैं।

## खरीदने जा रही हैं कुर्ता तो रखें इन बातों का ध्यान, लोग करेंगे तारीफ





हर उम्र की महिला के पास कुर्तों का कलेक्शन तो मिल ही जाता है। महिलाएं कुर्ता पहन कर काफी कंफर्टेबल रहती हैं। इसको खरीदते वक्त आपको कुर्ते के ढेरों पैटर्न, कलर्स, स्टाइल आसानी से मिल जाते हैं। इसे महिलाएं प्लाजो, जींस, स्कर्ट और पैंट के साथ भी कैरी करती हैं। महिलाएं सबसे ज्यादा क्लासिक ए-लाइन कुर्ता से लेकर लेटेस्ट ट्रेंड हाई एंड लो कुर्ता तक में काफी कंफर्टेबल रहती हैं। हर तरीके के कुर्ते बाजार से लेकर ऑनलाइन आसानी से मिल जाते हैं।

कुर्ता खरीदने वाली हर महिला के लिए ये जानना बेहद जरूरी है कि वो कुर्ता खरीदते वक्त क्या देखती हैं। दरअसल, जिस तरह से एक परफेक्ट कुर्ते में आपका लुक निखर सकता है, वहीं दूसरी ओर अगर कुर्ता सही नहीं होगी तो ये आपके लुक को खराब कर सकता है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं, जिनका ध्यान आपको कुर्ता खरीदते वक्त जरूर रखना चाहिए।

### रखें फैब्रिक का ध्यान

कुर्ता खरीदते समय उसके फैब्रिक पर ध्यान जरूर दें। हमेशा मौसम के हिसाब से ही कुर्ता खरीदना चाहिए। अगर कुर्ते का फैब्रिक ज्यादा हल्का होगा तो ये ज्यादा चलेगा नहीं, वहीं ज्यादा मोटा होने पर ये गर्मी कर सकता है।

**पैटर्नः** हर कार्यक्रम के हिसाब से कुर्ते के पैटर्न अलग-अलग आते हैं। अगर आपको स्टेटमेंट लुक चाहिए तो सिंपल ए लाइन कुर्ता ही बेस्ट है पर, जिन महिलाओं को एवरग्रीन लुक चाहिए, वो क्लासिक अनारकली या अंगरखा स्टाइल में से कुछ चुन सकती हैं। ये देखने में काफी क्लासी लगते हैं।

### जरूर देखें लंबाई

कुर्ता खरीदते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि आप उसे किसके साथ पहनने वाली हैं। जैसे कि प्लाजो या स्ट्रेट पैंट के साथ लॉंग कुर्ता चल जाता है, सलवार के साथ ये बेहद अजीब लगता है।

फिटिंग को ना करें इग्नोर

## डेड स्किन को हटाने में मदद करेगा घरेलू स्क्रब



अक्सर तेज धूप और बाहर मौजूद प्रदूषण के कारण चेहरे की त्वचा पर टैनिंग होने लगती है, जिसके कारण त्वचा पर डेड स्किन की लेयर बन जाती है और त्वचा बेजान नजर अआने लगती है। इसके लिए आप घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं।

बेसन में मौजूद प्रॉपर्टी त्वचा के ऊपर जमी टैनिंग को कम करने में मदद करता है। त्वचा में होने वाले किसी भी तरह के स्किन इन्फेक्शन को होने से रोकने के लिए बेसन बेहद मददगार होता है। चेहरे पर मौजूद पोर्स को डीप क्लीन करने के लिए बेसन काम मरी आता है। खीरे में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स तत्व त्वचा को नमी प्रदान करने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद तत्व स्किन को डीप क्लीन करने के काम आते हैं। साथ ही इसमें मौजूद मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट तत्व चेहरे पर मौजूद पोर्स का साइज बढ़ने से रोकने में मदद करते हैं।

डेड स्किन को हटाने के लिए आप कुछ घरेलू स्क्रब आजमा सकते हैं, जैसे कॉफी और शहद का स्क्रब, या ओट्स और शहद का स्क्रब। इन स्क्रबों में प्राकृतिक सामग्री होती है जो त्वचा को एक्सफोलिएट करके डेड स्किन को हटाने में मदद करती है।

कॉफी और शहद का स्क्रब बनाने 1 चम्मच कॉफी पाउडर में 1 चम्मच शहद मिलाएं। इस मिश्रण को चेहरे पर हल्के हाथों से स्क्रब करें। 5-10 मिनट बाद धो लें।

ओट्स और शहद का स्क्रब बनाने 2 चम्मच ओट्स को पीसकर पाउडर बना लें। 1 चम्मच शहद मिलाएं। इस मिश्रण को चेहरे पर हल्के हाथों से स्क्रब करें। 5-10 मिनट बाद धो लें। आप नारियल के तेल और कॉफी का भी स्क्रब बना सकते हैं, जो त्वचा को हाइड्रेट करने में भी मदद करता है। चंदन पाउडर और गुलाब जल का स्क्रब त्वचा को शांत और हल्का करने में मदद करता है। दही और शहद का स्क्रब त्वचा को नमी प्रदान करता है और एक्सफोलिएट करता है।

पुदीना और तुलसी का स्क्रब त्वचा को रिफ्रेश करने और डलनेस को दूर करने में सहायक है।

## कभी काम नहीं करती हैं ये हेयर केयर रेमेडीज, कहीं आप भी तो नहीं करने जा रहीं इन्हें ट्राई?



हेयर फॉल की समस्या, ग्रे हेयर की समस्या, स्प्लिट एंड्स की प्रॉब्लम, खुजली वाले स्कैल्प की प्रॉब्लम और ना जाने क्या-क्या। ऐसे में हम कई बार अपने बालों पर केमिकल ट्रीटमेंट्स ट्राई करते हैं, तो कई बार हम देसी नुस्खों के पीछे भागते हैं, लेकिन इनसे फर्क कितना पड़ता है? डर्मेटोलॉजिस्ट डॉक्टर आंचल पंथ के मुताबिक होम रेमेडीज कुछ हद तक असर तो करती हैं, लेकिन इनमें से कुछ ऐसी होती हैं जिनसे कुछ भी नहीं हो पाता है। कई बार इन होम रेमेडीज के कारण हम अपनी सेहत को बिगाड़ भी लेते हैं।

### मिथकः नींबू की मदद से कम होता है डैंड्रफ

डॉक्टर आंचल के मुताबिक, नींबू की वजह से डैंड्रफ कम नहीं होता है और यह बस स्कैल्प में आए ऑयल को थोड़ा कम करता है। कई लोग लगभग हर हफ्ते नींबू का इस्तेमाल करते हैं और उनका ऐसा करना उनके स्कैल्प को और ज्यादा डैमेज कर देता है।

क्यों स्कैल्प पर इस्तेमाल नहीं करना चाहिए नींबू?नींबू काफी ज्यादा एसिडिक होता है जिससे बालों का झड़ना बढ़ सकता है।

नींबू में सिट्रिक एसिड बहुत होता है जो सूरज की किरणों के प्रति काफी संवेदनशील होता है और इसके कारण जब भी आप नींबू का रस लगाकर बाहर जाती हैं, तो यह धूप के कारण रिएक्ट करता है। ऐसे में स्कैल्प में खुजली, इन्फेक्शन, रैशेज, छोटे दाने और कोई और बड़ी बीमारी हो सकती है। नींबू का रस सीधे बालों पर लगाने से बाल जल्दी सफेद हो सकते हैं। इसका कारण इसमें मौजूद एसिडिक कंटेंट ही है। कभी कभार किसी देसी नुस्खे में नींबू का रस मिलाया जा सकता है क्योंकि इसमें विटामिन-सी होता है।

### कार्नर न्यूज

### दुल्हन की मां पर अच्छी लगेंगी लेटेस्ट ट्रेंड वाली ज्वेलरी

## शादी में दुल्हन ही नहीं मां के लिए भी होनी चाहिए खास ज्वेलरी, ट्रेंड में है कुछ बेहतरीन डिजाइंस

गर्मियों के इस दौर में सीजन शादी का है। बेटी की शादी मां के लिए खास होती है। इसलिए वो भी इस दिन का बेसब्री से इंतजार करती है। इसी वजह से वो अपनी बेटी और अपने लिए हर चीज खास होती है।

बेटी की शादी करना माता-पिता का सपना होता है। जब बेटी बड़ी होने लगती है, तो उन्हें भी लगता है कि अब बेटी की शादी करवानी चाहिए। इसलिए वो अपनी बेटी के लिए अच्छे से अच्छा वर ढूंढते हैं और बेटी की शादी करवाते हैं। लेकिन सपना तब पूरा होता है, जब उनकी बेटी दुल्हन बने उनके सामने आती है। लेकिन बेटी भी हमेशा अपनी मां को अच्छा देखना चाहती है। ऐसे में आप अपनी मां के लिए शादी वाले दिन पहनने वाली ज्वेलरी के इन डिजाइन को खरीद सकती हैं। यह साड़ी और लहंगा हर आउटफिट के साथ अच्छी लगेगी।



### साड़ी के साथ पहनें गोल्डन टेंपल ज्वेलरी

कई सारी मां ऐसी होती हैं, जो साड़ी पहनना काफी पसंद करती हैं। यही वजह है कि वो अपनी बेटी की शादी में भी अलग और अच्छी डिजाइन की साड़ी खरीदकर उसे स्टाइल करती हैं। लेकिन इस हैवी साड़ी लुक को कंप्लीट करने के लिए ज्वेलरी भी जरूरी है। ऐसे में आप अपनी मां के लिए गोल्डन कलर की टेंपल ज्वेलरी को खरीद सकती हैं। इस तरह की ज्वेलरी हर साड़ी के साथ अच्छी लगेगी। साथ ही, इसमें आपका लुक भी सबसे अलग नजर आएगा। इसमें आप लॉन्ग नेकलेस सेट भी खरीद सकती हैं। साथ ही, चाहें तो चोकर सेट ले सकती हैं।

### लहंगे के साथ पहनें पर्ल ज्वेलरी सेट

अगर आप लहंगा पहन रही हैं, तो इसके साथ आप स्टोन पर्ल ज्वेलरी को वियर कर सकती हैं। इस तरह की ज्वेलरी पहनने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही, आपके लुक को ज्यादा हैवी टच नहीं देगी। इसमें आप चोकर सेट की जगह लॉन्ग नेकलेस सेट को वियर करें, जो पहनने के बाद अच्छी लगेगी। इससे आपका लुक भी सबसे अलग लगेगा।

### स्टोन वर्क ज्वेलरी सेट करें वियर

बेटी की शादी में सुंदर दिखने के लिए आप स्टोन वर्क ज्वेलरी सेट को साड़ी और लहंगा दोनों के साथ वियर कर सकती हैं। इसमें आपको पूरे सेट में स्टोन वर्क मिलेगा। वहीं नीचे की तरफ की लटकन में पर्ल का डिजाइन मिलेगा। इयररिंग्स भी थोड़े लंबे मिलेंगे। इससे आपका पूरा सेट और लुक दोनों अच्छे लगेंगे। अगर आप मांग टीका लगाना चाहती हैं, तो उसे भी आप आउटफिट के साथ लगा सकती हैं।

